
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत दौरे के दूसरे दिन सर्वोच्च सम्मान भारतीय समुदाय से मुलाकात करते हुए। इस मौके पर भारतीयों ने मोदी-मोदी के नारे लगाएं।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 352 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group







# पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

## ● ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर पाने वाले पहले भारतीय पीएम; अब तक 20 देश कर चुके सम्मानित

**सम्मान**

**पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह से यह सम्मान हासिल किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुवैत सिटीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत दौरे के दूसरे दिन सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह से यह सम्मान हासिल किया। बता दें कि ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड सम्मान है। यह सम्मान मित्रता के प्रतीक के तौर पर राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को दिया जाता है। पीएम मोदी से पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसी हस्तियों को दिया जा चुका है। कुवैत की सरकारी समाचार एजेंसी कुना के मुताबिक भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों को मजबूत करने की खातिर दिया गया है। आपको बता दें कि किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया यह 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। कुवैत के अमीर के साथ शानदार मुलाकात हुई। हमने फार्मास्यूटिकल्स, आईटी, फिनटेक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सिक्योरिटी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। हमने अपनी पार्टनरशिप को स्ट्रेटेजिक लेवल तक बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती और भी मजबूत होगी। इससे पहले पीएम मोदी का अमीर के महल बायन पैलेस में स्वागत किया गया था।

### 'कुवैत की लीडरशिप भी भारतीयों की मेहनत की कायल'

**पीएम** मोदी ने कहा कि आपने कुवैत के कैनवास पर भारतीय हुनर का रंग भरा है, यहां भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेडिशन का मसाला मिक्स किया है। मैं यहां सिर्फ आपसे मिलने नहीं आया हूं बल्कि आप सभी की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने के लिए यहां आया हूं। पीएम ने कहा कि मैंने यहां काम करने वाले भारतीय मजदूरों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ये साथी यहां कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं। इसके अलावा बाकी लोग भी दूसरे सेक्टर में पसीना बहा रहे हैं। भारतीय समुदाय के डॉक्टर्स, नर्सें कुवैत के मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बहुत बड़ी शक्ति हैं। भारतीय शिक्षक कुवैत की अगली पीढ़ी को मजबूत बनाने में सहयोग कर रहे हैं, इंजीनियर्स कुवैत के नेक्स्ट जेनेरेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

# लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को सीधे उनके घर द्वार पर पहुँचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति से संपर्क कर उसकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र पीछे न छूटे। मुख्यमंत्री रविवार को पिहोवा के गांव चनालहेड़ी में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के आवास पर कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजना का लाभ घर तक पहुँचाने के संकल्प को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से सुनते हुए उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कर रही है। श्री सैनी ने कहा कि सरकार अन्तोदय की भावना से आमजन के कल्याण के लिए समर्पित है और विभिन्न कल्याणकारी पहलों के माध्यम से उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

**लाभान्वित**

**पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजना का लाभ घर तक पहुँचाने के संकल्प को पूरा करने का काम किया: सीएम सैनी**

**जब गाँव तलहेडी में नागरिकों से मिलने के लिए रुके मुख्यमंत्री**

इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गाँव तलहेडी में नागरिकों से मिलने के लिए अपने काफिले को रूकवाया। यहाँ वे ग्रामीणों से मिले और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिसे मुख्यमंत्री ने क्रमबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वाशन दिया।







# केंद्र सरकार द्वारा रेडीमेड कपड़े पर 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने से देश व प्रदेश में ओर ज्यादा महंगाई बढ़ेगी: बजरंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा: व्यापारियों का** सम्मेलन सिरसा के निजी बैंक्विट हॉल में हुआ। जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल के जिला प्रधान व प्रदेश महासचिव हीरालाल शर्मा ने की। इस सम्मेलन में भारी संख्या में विभिन्न ट्रेडों के प्रधान सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में उपस्थित व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2017




को जीएसटी के तहत आम उपयोग में आने वाली वस्तुओं पर 18 व 28 प्रतिशत टैक्स लगाकर महंगाई बढ़ाने का काम किया है। यहां तक की जब से देश अजाद हुआ है तब से अब तक कपड़े पर कभी टैक्स नहीं था। इस सरकार ने कपडों पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगाकर गरीबों के तन का कपड़ा उतारने का काम किया है। केंद्र सरकार द्वारा रेडीमेड कपड़े पर 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने से देश व प्रदेश में ओर ज्यादा महंगाई बढ़ेगी व पॉपकॉन पर जीएसटी लगाना उचित नहीं है और केंद्र सरकार द्वारा घड़ी व जूतों पर 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाना विचाराधीन है। बजरंग गर्ग ने कहा कि इसके साथ-साथ केंद्र सरकार ने पुराने वाहनों पर 12 प्रतिशत जीएसटी से बढ़ाकर 18 प्रतिशत जीएसटी करना सरासर गलत है। केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में बढ़ोतरी से देश के व्यापारी व आम जनता में भारी नराजगी है जबकि देश में पहले ही जीएसटी के तहत अनाप-शनाप टैक्स केंद्र सरकार ने लगाएं हुए है। केंद्र सरकार ने कई बार घोषणा की थी कि जीएसटी की दरों में सलीकरण करके जीएसटी कम किया जाएगा। सरकार जीएसटी की दरें कम करने की बजाएं टैक्सों में बढ़ोतरी करने की योजना बनाना सरासर गलत है। बजरंग गर्ग ने कहा कि जीएसटी के तहत टैक्सों में बढ़ोतरी करने से देश व प्रदेश में ओर ज्यादा महंगाई बढ़ेगी। आज की महंगाई में पहले ही गरीब व्यक्ति रात-दिन महन्त करके अपने परिवार का ठीक ढंग से पालन-पोषण नहीं कर सकता है। सरकार ने पहले ही दूध, दही, आटा, चीनी आदि पर जीएसटी लगाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने का काम किया। श्री गर्ग ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से अपील कि है कि वह व्यापारी व आम जनता के हित में जीएसटी में बढ़ोतरी करने की बजाएं टैक्सों को कम करे।

# हिसार के 22 आइस स्केटर्स का स्टेट चौंपियनशिप के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार। महाबीर स्टेडियम** में हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में हिसार की टीम का चयन किया गया। यह 22 आइस स्केटर्स की टीम जनवरी के दूसरे सप्ताह में ग्रुरुग्राम में आयोजित होने वाली स्टेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। इस दौरान बतौर मुख्यअतिथि एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राम अवतार वर्मा व संयोजक सचिव पावेल ने बताया कि स्पीड़ स्के टिंग के मुकाबलों में अन्डर 8 आयु वर्ग में इस साल प्रथम स्थान पर हरवीर प्रथम, आद्रित दूसरे तो आरव व आधविक तीसरे स्थान पर रहे। वहीं



लड़कियों में इसी आयु वर्ग में रिद्धि ने प्रथम, समायरा ने दूसरा तो कनिष्का व अदबजोत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में ही अंडर-10 में जीविका ने प्रथम, रीतू ने दूसरा तो चाहत, रक्षिता व राधा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही । इसी आयु वर्ग में लड़कों में समर्थ ने प्रथम, विहान ने दूसरा तो विराज व लक्ष्य तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों में अंडर-13 में वृष्टी ने प्रथम व निकिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर देवतेज ने प्रथम, हर्षित दूसरे तो भु-राज, सौहले व उज्जवल तीसरे स्थान पर रहे। आयु वर्ग अंडर 15 में आदित्य प्रथम स्थान तो हितेन दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 आयु वर्ग में र मनजीत, मोहित व रुद्राक्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# एक सप्ताह बाद शहर में नहीं दिखाई दंेगे अवैध विज्ञापन बोर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सार्वजनिक सम्पत्ति** को कूरूप करते अवैध विज्ञापन बोर्ड, फ्लैक्स, बैनर, होर्डिंग व पोस्टर को नगर निगम एक सप्ताह में हटाएगा। इसे लेकर शनिवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने निगम की विज्ञापन शाखा को आदेश जारी करते कहा कि एक सप्ताह बाद शहर में कहीं भी अवैध विज्ञापन दिखाई नहीं देने चाहिएं। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने में आया है कि नगर निगम क्षेत्र में मुख्य मार्ग, पार्क, सरकारी कार्यालयों के बाहर, अण्डरपास, फ्लाईओवर के नीचे व विभिन्न चौक-चौराहों



पर अवैध रूप से विज्ञापन प्रदर्शित किए जाते हैं। अब इन सभी को हटाया जाएगा। इन्हें हटाने को लेकर सडक सुरक्षा समिति की बैठक में भी सदस्यों द्वारा मुद्दा उठाया जाता है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय की ओर से भी इन्हें हटाने को लेकर निर्देश जारी किए जा चुके हैं और राज्य सरकार भी इसे लेकर निगरानी कर रही है। उन्होंने बताया कि शहर में व्यवसायियों व दुकानदारों द्वारा यूनीपोल, बिजली व स्ट्रीट लाईट इत्यादि खम्बों तथा भवन की छतों व ईमारतों इत्यादि पर भी अवैध रूप से विज्ञापन प्रदर्शित किए जाते हैं। कई लोगों द्वारा स्थाई स्ट्रक्चर भी अवैध रूप से खड़े किए गए है, इन सभी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि नगर निगम द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर इन्हें हटाने की कार्रवाई की जाती है। अब पुनः नगर निगम की विज्ञापन शाखा द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। बीते दिनो चलाए गए अभियान में करीब 800 अवैध विज्ञापनों को हटाया गया था। उन्होंने बताया कि विज्ञापन बायलॉज-2022 तथा हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक सम्पत्तियों से अवैध फ्लैक्स, होर्डिंग, स्टिकर, पोस्टर, दीवार पेंटिंग और अन्य डिफेसमेंट यानि विरूपण को हटाया जाएगा। इसे लेकर नगर निगम के मुख्य नगर योजनाकर धर्मपाल सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शनिवार से ही विज्ञापन शाखा का प्रवर्तन दल फील्ड में उतर गया है और कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# महेंद्रगढ़ झुग्गी झोपड़ियों में चलाया सर्व अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ एसपी पूजा वशिष्ठ** ने जिला महेंद्रगढ़ थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्ज को महेंद्रगढ़ क्षेत्र में अवैध और झुग्गीझझोपड़ियों व किराएदार के रूप में रहने वाले रोहिंग्याओं व अवैध रूप से रहने वाले विदेशियों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उनकी वेरिफिकेशन भी कराई जाए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा जिले में रह रहे प्रवासियों का जांच स्वरूप सत्यापन करवाया जाता है। पुलिस द्वारा इनकी जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आज रविवार को थाना शहर महेंद्रगढ़ प्रभारी के नेतृत्व में भारी



पुलिस बल झुग्गीझझौपड़ियों में जांच के लिए पंहुचा। पुलिस ने यहां रहने वालों के रिहायशी प्रमाणपत्रों की बारीकी से जांच की। इस काम में डॉग स्क्वॉयड टीम की भी मदद ली जा रही है ताकि अवैध नशीले पदार्थ को पकड़ा जा सके।

इस दौरान कमांडो टीम भी साथ रही। थाना शहर महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा डॉग स्क्वायड और कमांडो टीम के साथ देवास रोड़ मोडा आश्रम के नजदीक की झुग्गी, माजरा चुंगी के पास की झुग्गी, सतनाली रोड़ के दोनों तरफ की झुग्गी, हुड्डा सेक्टर के पास बनी झुग्गी चेक की गई। इस दौरान टीम ने बिना कागजात की एक मोटरसाइकिल को इंपाउंड किया व मोटरसाइकिल के पीछे बनाई ट्रॉली को इंपाउंड किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर झुग्गी झौपड़ियों में रहने वाले रोहिंग्या और विदेशी लोगों की पहचान के लिये जांच अभियान की शुरूआत की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह लोग कहीं अवैध रूप से तो नहीं रह रहे हैं और कहीं यह अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार में संलिप्त तो नहीं हैं। इसके लिए यहां रहने वालों के पहचानपत्र और अन्य रिहायशी कागजातों की भी बारीकी से जांच की जा रही है। जांच में किसी की अवैधता पाई जाती है तो नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क के घटिया निर्माण की शिकायत पर सीएम ने दिया जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ । हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि जिस गति से देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप रफ्तार से विकास कार्य किए जा रहे हैं तो निश्चित रूप से देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस देश में हर योजना को आम लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। बाबैन से शाहबाद सड़क की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की गई और मुख्यमंत्री ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।इससे पहले लोक निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा के हल्के में भी दी सड़कों के निर्माण घटिया पाए जाने पर कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लाडवा में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यंमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष हल्का के लोगों ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित, जनस्वास्थ्य विभाग, खंड विकास एवं पंचायत विभाग के साथ-साथ गांव और शहर में विकास कार्यों से सम्बन्धित विषय रखे। मुख्यमंत्री ने एक-एक व्यक्ति की समस्या को

**सुनवाई**

**▶▶ खाली बैठे विपक्ष के लोगों का काम केवल अच्छे कार्यों का विरोध करना मात्र है**

गंभीरता के साथ सुना और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने शहर के नागरिकों द्वारा राजकीय सीनियर सेंकेडरी स्कूल को बीडीपीओ कार्यालय के पास खाली पड़ी जमीन में शिफ्ट करने की मांग पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल को शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए, अगर स्कूल के हिसाब से जगह ठीक पाई गई तो स्कूल को शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने नागरिकों की पीने के गंदे पानी से सम्बन्धित शिकायत पर एसडीएम को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द लोगों की समस्या का समाधान करके पीने के लिए शुद्ध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। हल्का के नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुन्ना उर्फ फुरकान पुत्रः** श्री जफर अख्तर **पताः** के–556, गालिब रोड, हजरत निज़ामुद्दीन, दिल्ली, ने **FIR No. 346/22 U/s 324/326 IPC थानाः सनलाइट कॉलोनी दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना उर्फ फुरकान**, मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना उर्फ फुरकान**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 346/22 U/s 324/326 IPC थानाः सनलाइट कॉलोनी दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **मुन्ना उर्फ फुरकान**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अदिति राव
जेएमएफसी – 07 कमरा नंबर 508
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली

DP/16747/SE/2024
(Court Matter)

# प्रतियोगिता में बडौली ने पहुंचकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

## हरियाणा सरकार ने खेलों को बड़ा होने के लिए ग्रामीण स्तर पर किया खेल नर्सरियों का निर्माण–मोहनलाल बडौली

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः बाबा श्री** काले नाथ की याद में गांव मुरथल में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हार जीत तो खेल का हिस्सा है इसलिए उसकी चिंता न करते हुए सभी खिलाड़ी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ खेलें। खिलाड़ियों को खेलते समय कई बार हार का सामना करना पड़ता है लेकिन एक सफल खिलाड़ी वही बनता है जो अपनी हार के बाद निराश ने होकर हार के कारणों का पता लगाकर उन्हें दूर करने के लिए मेहनत करता है।




प्रदेशाध्यक्ष ने खेलेगा युव- नशे से दूर रहेगा युवा-स्वस्थ रहेगा युवा का नारा देते हुए कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं की खेल प्रतिभाओं को उभारने के साथ-साथ उनको नशे से दूर रखने में अहम भूमिका निभाती है। खेलों से युवाओं में सामाजिक एकता वह भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए गांव स्तर पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई है, जिसके फलस्वरूप हरियाणा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करके प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। खेलों के प्रति हरियाणा के युवाओं का रूझान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मेडल जीतने पर देश में सबसे ज्यादा नगद पुरस्कार हरियाणा सरकार द्वारा दिया जाता है। सरकार ने ग्राम स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए मिनी खेल स्टेडियम व व्यामशाला स्थापित की हैं ताकि गांव के खिलाड़ियों को उनके घर के नजदीक ही खेल सुविधाएं मुहैया हो सकें। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की लगभग ढाई करोड़ आबादी है, जोकि देश की कुल आबादी का 2 प्रतिशत है, बावजूद इसके ओलम्पिक जैसे खेलों में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने सबसे अधिक पदक जीते हैं, जोकि गौरव की बात है। इस अवसर पर जिला महामंत्री निशांत छौक्कर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**एक्शन इंडिया**

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब



## सरकार ने निभाया वादा

## 778 से ज़्यादा गिरफ़्तारियां

यदि कोई सरकारी कर्मचारी आपसे रिश्वत माँगता है तो मना न करें बल्कि उसकी बातचीत को रिकॉर्ड करें और उसकी ऑडियो/वीडियो बनाकर नीचे दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजें। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान व्यक्तिगत रूप से इस नंबर की निगरानी कर रहे हैं और आपकी शिकायत पर कार्यवाही करेंगे।

**एंटी-करप्शन एक्शन लाइन**

**9501-200-200**

यहां स्कैन करें

भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

"रंगला पंजाब बनाने का जो हमने सपना देखा था वह धीरे-धीरे पूरा हो रहा है। भृष्टाचार मुक्त पंजाब बनाना ही हमारा ख़्वाब है। पंजाब में रिश्वत लेने वालों की अब ख़ैर नहीं।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## न्यूज फ्लैश

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय युवक की मौत

**गन्नौर। गढ़ी कला फ्लाईओवर** के पास को तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। जानकारी अनुसार करनाल के गांव पुंडरक का रहने वाला शिवम शनिवार को अपने दोस्त लक्की राणा के साथ अपने मामा संदीप कुमार के घर भोड़वाल माजरी आया था। कुछ देर बाद उसका दोस्त वापस करनाल चला गया और शिवम किसी काम से सोनीपत की तरफ निकल गया। जब वह गढ़ी कला फ्लाईओवर पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी कार को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

### चौटाला साहब की कमी हरियाणा वासियों को हमेशा खलेगी: धनखड़

**सोनीपत, हरियाणा के पांच बार** मुख्यमंत्री रहे चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी के असामायिक निधन से हर हरियाणा वासी दुखी हैं। सोनीपत के प्रसिद्ध समाजसेवी विनोद धनखड़ ने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के निधन से हुई क्षति अपूर्णीय है। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला हरियाणावासियों के दिलों पर राज करते थे और पक्की जुबान के नेता तथा हमेशा गरीब, किसान ओर कमेरे वर्ग के लिए संघर्षरत रहे उन्होंने चौधरी देवीलाल की विरासत एवं विचारों को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। सोनीपत के प्रसिद्ध समाजसेवी विनोद धनखड़ ने चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को नमन करते हुए कहा चौधरी ओमप्रकाश चौटाला साहब की कमी हरियाणा वासियों को हमेशा खलेगी।

### होंडा ने लॉन्च की नई 2025 एक्टिवा 125 'स्कूटर बोले तो एक्टिवा'

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी नई एक्टिवा 125 का ओबीडी2बी-अनुपालक वर्जन ( निर्धारित मानकों कें अनुरूप) लॉन्च कर दिया है। यह मॉडल नए रंगों और कई एडवांस फीचर्स के साथ आता है। इसकी शुरूआती कीमत रुपये 94,422 (एक्स-शोरूम दिल्ली) रखी गई है। इस लॉन्च के दौरान, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के एमडी, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, हमें नई ओबीडी2बी-अनुपालक एक्टिवा 125 पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस अपडेटेड मॉडल के जरिए हम ग्राहकों की जरूरतों



और संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए 125सीसी सेगमेंट में इनोवेशन का नया मानक स्थापित कर रहे हैं। इसमें दिए गए टीएफटी डिस्प्ले और होंडा रोडसिंक ऐप के जरिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स ग्राहकों को राइडिंग का एक अलग और बेहतर अनुभव देंगे। हमें पूरा भरोसा है कि यह मॉडल अपने सेगमेंट में नई ऊंचाइयां तय करेगा। होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, एक्टिवा 125 हमेशा से ग्राहकों की पसंदीदा रही है, और इसका नया वर्जन इसे और भी बेहतर बना रहा है। ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन और यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स के साथ यह आज के आधुनिक राइडर्स की जरूरतों को पूरा करता है। नई एक्टिवा 125 में जोड़े गए नए और चमकीले रंगों और आधुनिक तकनीक के चलते, यह अपने सेगमेंट में ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# कांग्रेस नेता जितेंद्र जुनेजा अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल

## सर्वजातीय जन पंचायत के नेता यशपाल पंवार, ललित गर्ग, भीम सिंह और बलवान शर्मा ने भी थामा आप का दामन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन ) आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पानीपत में सैक्टर 25 स्थित सुरेंद्र अहलावत के कार्यालय पर जिला आम आदमी पार्टी की जिला बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जितेंद्र जुनेजा, सर्वजातीय जन पंचायत के नेता यशपाल पंवार,शमशेर भल्ला, ललित गर्ग, भीम सिंह रोड, प्रेम सैनी, बलवान शर्मा और राजेंद्र वर्मा, कुलदीप राणा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। इस मौके आम आदमी पार्टी के नेता सुरेंद्र अहलावत, सुखबीर मालिक, कृष्ण अग्रवाल, अजय सिंगला, नरेंद्र जेसिया और राजकुमार मुंडे समेत कई नेता मौजूद रहे। डॉ. सुशील गुप्ता ने आम आदमी पार्टी में सभी का स्वागत है और कहा कि पार्टी इनके मान सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आम आदमी पार्टी संघर्ष करने वाली पार्टी है। आम आदमी पार्टी काम की राजनीति



करती है परंतु बीजेपी जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करती है। पूरे देश ने देखा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर का अपमान किया। बाबा साहेब ने सबको बराबरी का अधिकार दिया। यदि ऐसे व्यक्ति का अपमान देश की संसद में हो तो ये दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने बाबा साहेब के खिलाफ गलत बयान के विरोध में सड़क पर उतरना तय कर रखा था लेकिन हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के स्वर्गवास के कारण विरोध प्रदर्शन स्थगित करना पड़ा। लेकिन आम आदमी पार्टी की ये लड़ाई जारी रहेगी।

आम आदमी पार्टी बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर और शहीद ए आजम भगत सिंह को अपना आदर्श मानती है और उन्हीं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा है कि या तो एमएसपी की गारंटी का कानून बनेगा नहीं मैं अपने प्राण त्याग दूंगा।

जिसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई। लेकिन अंधी बहरी बीजेपी सरकार अपना वादा करके और 750 किसानों की शहादत भुल चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने का वादा करके किसान आंदोलन को खत्म कराया था। लेकिन कई साल बीत गए प्रधानमंत्री ने आज तक संसद में एक भी शब्द एमएसपी की गारंटी के कानून पर नहीं बोला। किसान उसी वादे को याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं।

**निकाय मजबूती से लड़ेगी आप:** डॉ सुशील गुप्ता ने कहा कि आप निकाय चुनाव अपने दम पर पूरी मजबूती से लड़ेगी और इसके लिए पार्टी ने अभी से कमर कस ली है। निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी नगर निगमों में भाजपा के कुशासन और अव्यवस्था को मुद्दा बनाकर जनता को भाजपा के खिलाफ एक सशक्त विकल्प देने का कार्य करेगी।

पानीपत नगर निगम के लिए वरिष्ठ आम आदमी पार्टी नेता सुरेंद्र अहलावत को जिम्मेवारी देते हुए आग्रह किया कि अति शीघ्र वरिष्ठ स्थानीय नेताओं से विचार विमर्श करके निगम चुनाव के लिए मजबूत और लोकप्रिय उम्मीदवारों के चयन का काम शुरू किया जाए।

## सड़क हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर की मौके पर हुई मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। लाडवा-इंद्री रोड पर** ट्रक ने दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में ड्राइवर और कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों के शव ट्रक के नीचे फंस गए। दोनों ही ट्रक सडक किनारे खड़ा करके पंक्चर टायर को ठीक कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो हाइड्रा मशीनों की मदद से दोनों के शव ट्रक के नीचे से निकाले। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिए। आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान ड्राइवर 34 वर्षीय इमरान और कंडक्टर 35 वर्षीय अरुण के रूप में हुई है। दोनों यूपी के शामली के रहने वाले थे। मृतक के भाई रिजवान ने पुलिस को बताया कि वह ट्रांसपोर्टर है। 21 दिसंबर की रात को वह और उसका भाई इमरान निवासी केहर भुखरी और अरुण शर्मा निवासी रामपुर खेड़ी अपने वाहन में धनिया लोड करके पौंटा साहिब से रात करीब साढ़े 11 बजे शामली के लिए निकले थे। ट्रक इमरान चला रहा था। सुबह साढ़े पांच बजे जब ट्रक लाडवा इंद्री रोड पर गांव धूमसी के पास पहुंचा तो हमारी गाड़ी का आगे का ड्राइवर साइड का टायर पंचर हो गया। रिजवान ने बताया कि मेरे भाई इमरान ने गाड़ी को सडक से नीचे उतार लिया और गाड़ी की पार्किंग लाइट ऑन कर दी। हम सब नीचे उतरे और गाड़ी के पीछे और दाईं तरफ रिफ्लेक्टर लगा दिए। मेरे भाई इमरान और अरुण शर्मा ट्रक का टायर बदलने लगे। उसने बताया कि वह साइड में खड़ा हो गया था।

## गढ़ी केसरी में आधार केंद्र का विरोध, सामुदायिक भवन की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । गढ़ी केसरी में आधार** केंद्र स्थापित किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी लंबे समय से वाल्मीकि समाज के लिए सामुदायिक भवन बनवाने की मांग चली आ रही है, जिसे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। गांव वालों ने मौजूदा पार्षद पर आरोप लगाया कि उनकी मांगों को दरकिनार कर आधार केंद्र सेंटर बना दिया गया। ग्रामीण रवि वाल्मीकि, राकेश, सत्ता पहलवान, अशोक, कृष्ण व शशि का कहना है कि सामुदायिक भवन वाल्मीकि समाज की जरूरतों के लिए अत्यंत



आवश्यक है, क्योंकि इससे समाज को एकजुट होने और अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का मौका मिलेगा।

## धूमधाम से मनेगा प्रयास इंटरनेशनल स्कूल का वाइब्रेंट इंडिया समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल का वाइब्रेंट इंडिया 2024 प्रोत्साहन भारतीय संस्कृति का मेला कार्यक्रम रविवार को स्कूल में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान,सोनीपत के विधायक निखिल मदान, आईआरएस डॉक्टर विक्रम सिंह, भारतीय कंटेनर डिपो आईसीडी सोनीपत, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने शिरकत की । स्कूल पहुंचने पर अतिथियों का स्कूल के निदेशक डॉ संजय जैन, डॉक्टर सुनीरा जैन,अमित बत्रा व रुचिका बत्रा ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की । स्कूल के बच्चों द्वारा कार्यक्रम में रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अतिथियों व अभिभावकों ने सराहना की । सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्रों ने सामाजिक बुराइयों को दूर करने, हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने



आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक देवेंद्र कादियान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में बहुत ही कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने सपने को पूरा करने के लिए लक्ष्य बनाकर मेहनत करें। लक्ष्य बनाकर मेहनत करने वालों को जीवन में जरुर सफलता मिलती है। सोनीपत के विधायक निखिल मदान ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि बच्चे शुरू से ही उच्च शिक्षा को अपना लक्ष्य बनाकर चलें तो सफलता उनके कदम जरूर चूमेगी। एकाग्रता के साथ कड़ी मेहनत ही बच्चों को जीवन में सफलता दिलाती है। आज विद्यालयों में संस्कारिक शिक्षा मिलने के कारण ही छात्र-छात्राएं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं । विधायक मदान ने छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से अध्ययन कर शिक्षा प्राप्त करने के साथ माता-पिता, समाज व देश का नाम रोशन करने की बात कही। आईआरएस डॉक्टर विक्रम सिंह कंटेनर डिपो आईसीडी सोनीपत ने कहा कि वार्षिक उत्सव में करीब 700 बच्चों की प्रस्तुति यही दशार्ती है कि स्कूल ने छात्रों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया है और स्कूल अच्छी दिशा में बेहतर प्रयास कर अच्छा कदम बढ़ा रहा है । समारोह के दौरान स्कूल में विभिन्न गतिविधियों के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## विधायक ने आज होने वाली धन्यवाद रैली स्थल का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। स्थानीय अनाज** मंडी में 23 दिसम्बर सोमवार को 10 बजे आयोजित होने वाली धन्यवाद रैली को लेकर विधायक रामकुमार कश्यप ने रैली स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक प्रबंधों को लेकर संबंधित प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रैली स्थल का निरीक्षण करते हुए विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि इस धन्यवाद रैली में हरियाणा प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब



सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगें। इस रैली में भाजपा के वरिष्ठ्द नेतागण जनता का धन्यवाद करने के साथ-साथ जनता को सम्बोधित भी करेंगें और इन्द्री क्षेत्र के विकास के लिए सौगात देगें। विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि धन्यवाद रैली में हलके की जनता भारी संख्या में आएगी और

**निरीक्षण**

**धन्यवाद रैली को लेकर विधायक रामकुमार कश्यप ने रैली स्थल का निरीक्षण किया**

इसके लिए सभी प्रकार की व्यवस्था समय से पूरी करना अति आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को धन्यवाद रैली में आने वाली जनता के लिए पीने के पानी, शौचालय,पार्किग स्थल, सुरक्षा एवं बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ रैली स्थल व आसपास साफ-सफाई के प्रबंध समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए जाए ताकि रैली में जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हों। इस मौके पर भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृजभूषण गुप्ता, भारत भूषण जुआल, एसडीएम राजेश सोनी,बीडीपीओ गुरमलक सिंह, डीएसपी सोनू नरवाल, मार्किट कमेटी सचिव जसबीर सिंह, एसएचओ श्री भगवान,जिला भाजपा संगठन प्रवीण लाठर मौजूद रहे।

## 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चो का नाम जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर : डॉ. वैशाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन नियम-2002 के अनुसार बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के खाली कॉलम में बच्चे का नमा दर्ज करवाने की समय अवधि 15 वर्ष है। परंतु हरियाणा सरकार द्वारा 15 वर्ष से ऊपर के जन्म रिकॉर्ड में बच्चे का नाम दर्ज करने की छूट जारी है, जिसकी अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर है। उन्होंने बताया कि जिन अभिभावकों के बच्चे 15 वर्ष से ऊपर है तथा जिनका जन्म पंजीकरण नगर निगम करनाल



कार्यालय में हो रखा है, वह अभिभावक अपने बच्चे का नाम नगर निगम करनाल कार्यालय में 31 दिसंबर तक दर्ज अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा कि यह छूट सरकार द्वारा अंतिम बार दी गई है, इसके उपरांत 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के नाम दर्ज नहीं किए जा सकेंगे। यह अंतिम छूट वर्ष 2021 से जारी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पहले भी दो से तीन बार यह छूट दी जा चुकी है। नगर निगम करनाल के उप रजिस्ट्रार डॉ. रमेश शर्मा ने बताया कि नियम अनुसार बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में नाम दर्ज करवाने की अवधि 15 वर्ष है। परंतु हरियाणा सरकार द्वारा 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे के लिए यह छूट दी गई है, जो 31 दिसंबर को समाप्त होने जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते कहा कि ऐसे सभी अभिभावक जिनके बच्चे 15 वर्ष से ऊपर के हैं।

## वार्षिक उत्सव अनुगूंज में छात्रों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राईः रुक्मिणी देवी** पब्लिक स्कूल का शनिवार की शाम को अनुगूंज- वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण विद्यालय प्रांगण में उत्साह और उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ सेंटर खेवडा के डीआईजी कोमल सिंह ने शिरकत की । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित करके व छात्रों ने गणेश वंदना करके किया स्कूल के प्राचार्य डॉ प्रवीण गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्कूल पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ प्रवीण गुप्ता अपने भाषण में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में उपलब्ध



आधारभूत संरचना, बच्चों की शिक्षा के लिए प्रयोग की जाने वाला शिक्षा शास्त्र व उनके संस्कार और समग्र विकास में विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यालय का सिद्धांत लड़कियों की शिक्षा को महत्व देना है । इसके लिए उन्होंने लड़कियों की एडमिशन फीस में छूट देने की बात कही । छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियो में नृत्य, संगीत, नाटक और विशेष लोक कलाओं ने सभी का मन मोह लिया । नाटक प्रतिबिंब ने लोगों को यह संदेश दिया कि पैसा कमाने की दौड़ में

**उत्सव**

**उत्सव का समापन एक सफल यादगार के रूप में हुआ, जिसमें छात्रों की संपूर्ण शिक्षा व समग्र विकास को दिखाया गया**

रिश्तों को पीछे नहीं छोड़ देना । देश भक्ति पर आधारित नाच के द्वारा देश प्रेम, गर्व और एकता की भावना को प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल ने सोनीपत में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है इसी का परिणाम है कि स्कूल के छात्र शिक्षा के साथ खेलों में भी पदक जीत कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं । विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।प्राचार्य ने अपनी भाषण में विद्यालय में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का वर्णन किया और बोर्ड परीक्षाओं के उत्कृष्ट रिजल्ट को बताया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सभी के योगदान की प्रशंसा की। यह वार्षिक उत्सव का समापन एक सफल यादगार के रूप में हुआ, जिसमें छात्रों की संपूर्ण शिक्षा व समग्र विकास को दिखाया गया।

## नवीन जयहिन्द का लगा जनता दरबार, समस्याएं सुनीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतकः जैसा कि** आप सभी जानते है कि जयहिन्द सेना सुप्रीमो नवीन जयहिन्द हर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पेड़ के नीचे लोगो से मिलते है और उनकी समस्याएं सुनते है। रविवार 22 दिसंबर को सीपीएल ओ एलसीएलओ कर्मचारी, मीटर रिडर व एमडी यूनिवर्सिटी के लोग अपनी समस्या लेकर जयहिंद के पेड़ के नीचे पहुंचे। सीपीए लओझएलसीएलओ कर्मचारियों ने रोटीझदान मुहीम के चलते जयहिन्द को खाना खिलाया व पांच हजार सौ रुपए देकर सम्मानित किया। यूनिवर्सिटी के लोगों ने जयहिन्द को नगर निगम की समस्या के बारे में बताया कि किस तरह से निगम के अधिकारी



बिना बताए टैक्स लगाते है हम इसे लेकर रोहतक के विधायक बीबी बत्रा जी व पूर्व विधायक मनीष ग्रोवर जी से भी मिल चुके है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं होती। हम बड़ी उम्मीद से जयहिन्द के पास आए है ताकि हमारी आवाज सरकार व अधिकारियों के कानो तक पहुंचे और हमारी समस्या का समाधान हो। जयहिंद ने सभी कर्मचारियों का आभार जताया और कहा कि हम पूरे दमदार तरीके से आपकी समस्या उठाएंगे व साथ ही जयहिन्द ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी से अपील करते हुए कहा कि इन लोगों की समस्याएं बहुत गंभीर है और जल्द से जल्द इनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। जयहिन्द ने 7027822822

**रोटी-दीन मुहिम**

**सीपीए लओ एलसीएलओ कर्मचारियों ने रोटी-दान मुहीम के चलते जयहिन्द को खाना खिलाया**

नंबर जारी करते हुए बताया कि जो भी साथी जयहिन्द सेना से जुड़ना चाहता है वह हमारे इस नंबर पर कॉल करके हमसे सीधा जुड़ सकता है। जयहिंद ने कहा न तो मैं कोई एमएलएझएमपी हूं और न ही सरकार या विपक्ष का नेता, लेकिन फिर भी लोग अगर मेरे पास अपनी समस्या लेकर आते है तो इस विषय पर सरकार व विपक्ष को सोचना चाहिए। क्योंकि लोगो की समस्याएं सुनने के लिए सरकार व विपक्ष के पास नेता जरूर होने चाहिए। सरकार को इनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए और विपक्ष को इनकी आवाज उठानी चाहिए। ऐसा लगता है मानो हरियाणा के सभी एमपीझएमएलए सो रहे है जिस कारण लोग हमारे पास समस्या लेकर आते है। जयहिंद ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में हर डीसी की जिम्मेदारी है कि वह सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जनता से मिले व उनकी समस्या सुनकर उनका समाधान करें। तो लोग अपनी समस्या लेकर उनके पास जाए और अगर फिर भी सुनवाई न हो तो हमारे पास पहुंचे हम यहीं पेड़ के नीचे मिलेंगे।

## विवाहिता ने पति, सास-ससुर और देवर पर लगाया दहेज प्रताड़ना और मारपीट का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कस्बा असंध के** राहडा गांव में विवाहिता ने अपने पति, सास-ससुर और देवर पर दहेज प्रताडा और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले 50 लाख रुपए की कार और बड़ी रकम की मांग करने लगे। इनकार करने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी 10 मार्च 2023 को बंशी भारद्वाज के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने करीब 25 लाख रुपए खर्च किए थे। इसमें सोने-चांदी के गहने, मोटरसाइकिल और घरेलू सामान शामिल थे। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने 50 लाख रुपए की कार की मांग शुरू कर दी। महिला ने बताया कि अप्रैल 2023 में वह गर्भवती हुई, लेकिन ससुराल वालों ने उसकी देखभाल नहीं की, न ही किसी डॉक्टर से चेकअप कराया और न ही अल्ट्रासाउंड करवाया। जनवरी 2024 में उसने बेटी को जन्म दिया, लेकिन बेटी होने पर उसे ताने दिए गए। महिला ने देवर पर जबरदस्ती करने और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए। उसने बताया कि जब उसने घरवालों को यह बात बताई तो उसे ही चुप रहने के लिए कहा गया। दादा-दादी ने कहा कि ये घर का मामला है, इसे सहना पड़ेगा। मेरे ऊपर होते जुल्मों को देखकर बीते मार्च माह में मेरे पिता ने 6 लाख रुपए ससुराल वालों को दिए। ससुराल वालों ने फिर से 50 लाख रुपए की कार की मांग की। महिला ने कहा कि 25 अगस्त को ससुराल वालों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। पति ने तकिये से उसका दम घोंटने की कोशिश की, जबकि अन्य घरवालों ने उसे पकड़ा। वह किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर बाहर भागी। पड़ोसियों ने उसकी जान बचाई और पिता को सूचना दी।

# प्रभु से शक्ति लेकर आज सारे विश्व को बदलने की जरूरत: सरोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: ब्रह्माकुमारीज** एवं हरियाणा योग आयोग कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ध्यान दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व ध्यान दिवस घोषित करने पर दुनिया भर में पहली बार इस दिवस को मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय आंतरिक शांति और वैश्विक सद्भाव रहा। मंच संचालन करते हुए बी.के मधु बहन ने अतिथियों का परिचय देते हुए बताया कि ब्रह्माकुमारीज में पिछले 88 वर्षों से प्रतिदिन योग प्रातः अमृतवेले 4 से 4:45 बजे तक और सायं 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग होता है, जिसे सब बी.के बहन भाई करते हैं। अब यू.एन.ओ ने भी इस बात



को स्वीकार किया है। शुभ संकल्पों के दीप जलाएं... गीत की ध्वनि पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुमारी गौरी ने स्वागत है दिल से आपका.... गीत की धुन पर नृत्य कर स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप आर्य बतौर मुख्य अतिथि और डॉक्टर मनीष कुकरेजा, गुलशन ग्रोवर विशेष अतिथि रहे। अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वाह करते हुए बी.के पुष्पा बहन ने आए हुए अतिथियों को तिलक लगाकर, पटका पहना कर और पौधा भेंट कर अभिनंदन किया। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज में परमपिता परमात्मा, परम सद्गुरु के द्वारा सिखाए राजयोग की ट्रेनिंग दी जाती है। गीता में भी राजयोग का वर्णन है। उन्होंने परमात्मा का संदेश देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री, मंत्री और अन्य आमजन सभी मंदिर में जाकर माथा टेकते हैं क्योंकि अब तक जो राजा हुए उनके भी राजा यह देवी देवता है। हम कौन हैं, हमारा लक्ष्य क्या है, इसी को आध्यात्मिक ज्ञान कहते हैं। प्रभु से संबंध जोड़ने को ही योग या संबंध कहते हैं। आज परमपिता से दूरी हो गई है, प्रभु की पहचान नहीं होने से ही याद करने में मेहनत लगती है। शांति, आनंद, प्रेम, सुख, पवित्रता और शक्तिशाली विचारों की शक्ति प्रभु से प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि गीता में भी प्रभु ने मनमनाभव का मंत्र देकर प्रभु से मन को जोड़ने की स्थिति बताई। आज सारे विश्व को प्रभु से शक्ति लेकर बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने अंत में भारत की महानता का बखान करते हुए कहा कि जल्द ही भारत सोने की चिड़िया और स्वर्ग बनने वाला है। निकट भविष्य में श्री कृष्ण राजकुमार के रूप में यमुना के किनारे जल्द खेल पाल करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ जयदीप आर्य ने ब्रह्माकुमारीज बहनों का हृदय से आभार व्यक्त करते कहा कि आज विश्व ध्यान दिवस का प्रथम चरण शुरू हो रहा है, जिसमें सबसे भारी भागीदारी ब्रह्माकुमारी संस्था ने निभाई।

उन्होंने योग के बारे में बताया कि द्दष्टा भाव से स्थापित होना ही योग है। कर्ता का प्रभाव नहीं होता, भाव का प्रभाव होता है। उन्होंने कहा कि हम आंखों से नहीं, मन से देखते हैं। मन को साधने का नाम योग है। ध्यान भीतर की यात्रा का नाम है, जिससे मनुष्य प्रभु की कृपा से भवसागर पार हो जाता है। अंत में सभी बहन -भाइयों को प्रतिदिन आश्रम में आने का संदेश देते हुए कहा कि यहां का वायु मंडल और पवित्रता का लेवल बहुत उच्च है।

# सीएम आज इन्द्री में धन्यवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि करेगें शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी 23 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे अनाज मंडी इन्द्री में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेगें। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कार्यक्रम स्थल अनाज मंडी का अधिकारियों की टीम के साथ मौका मुआयना करने के उपरांत दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया भी उनके साथ मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि धन्यवाद कार्यक्रम में जनता के भारी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है। इसी को मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, ताकि जनता को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि धन्यवाद कार्यक्रम में



आने वाली जनता के लिए पीने के पानी, शौचालय, पार्किग स्थल, बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल व आसपास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करवाई गई है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धन्यवाद कार्यक्रम के दौरान बिजली की सप्लाई सूचारू रूप से जारी रहें इसके अतिरिक्त जरनेटर की व्यवस्था भी करवाई जाए। पुलिस अधीक्षक गंगा राम पुनिया ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तथा यातायात को सूचारू रूप से बनाए रखने के भी प्रबंध किए हैं, ताकि किसी भी जगह यातायात बाधित न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने धन्यवाद कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों से अपील की कि वे अपने वाहनों को पार्किग स्थल पर खड़ा करना सुनिश्चित करें, ताकि ट्रफिक व्यवस्था ठीक रहे। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार सोनी, डीएसपी सोनू नरवाल सहित उनके साथ अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता बढ़ाने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा सरकार** के निर्देशानुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यस्वच्छ हरियाणा मिशनह्ल के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी डीसी नेहा सिंह ने दी। डीसी ने बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता पहल सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे। डीसी ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों आदि समेत सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ाना भी है। अभियान का फोकस प्रशासनिक विभागों और निदेशालयों के साथ-साथ सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर रहेगा। तैयारी का चरण 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें



विभागों में जमीनी स्तर पर काम होगा। इस चरण के दौरान, अभियान से जुड़ी गतिविधियों की अगुवाई करने के लिए जिला कार्यालय और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी कर्मचारियों को जुटाएंगे, सफाई अभियान के लिए स्थलों की पहचान करेंगे और ई-नीलामी सहित निपटान के लिए अनावश्यक सामग्रियों का आँकलन करेंगे। हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिर्देशों के अनुसार दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने पर ध्यान देने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मुख्य चरण के दौरान, विभागों द्वारा तैयारी चरण के दौरान बनाई गई योजनाओं को लागू किया जाएगा।

# बही श्रद्धा की बयार, बाबा रामदास की हुई जय जयकार

**भंडारा**

**बाबा राम दास गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में 118वां विशाल भंडारा संपन्न**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गांव कलवेहड़ी** में बाबा रामदास गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में 118वां भंडारा गद्दीनशीन देवेंद्र बत्तरा की अध्यक्षता में लगाया गया। वैद्य देवेंद्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, डा. गौरव बत्तरा, डा. मानव बत्तरा,




स्वामी ऋषि कुमार, स्वामी सत्यानंद, स्वामी सुख सागर, स्वामी परमानंद, देवेंद्रानंद, पंडित चेतन देव, शेखर शर्मा, पूर्व कमीश्नर महेंद्र मजोका ने पूजा अर्चना की। यज्ञ में आहुति डालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद पूणार्हुति डालकर आरती की गई। महात्माओं का पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। सभी संत समाज को रथ पर विराजमान कर बाबा जी की कुटिया पर गया, जहां बाबा राम दास जी के दर्शन किए गए। इसके बाद काले खान पीर बाबा के दर्शन किए गए। संचालन पंडित चेतन देव शर्मा ने किया। भजन संध्या में टीवी कलाकार मासूम ठाकुर, सदा मासूम ठाकुर ने एक से एक भजनों के माध्यम से समा बांध दिया। । इसके साथ समस्त संत समाज ने भजन संकीर्तन करते हुए प्रभु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में श्रीरामभक्त हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बाबा राम दास विद्यापीठ के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आकर्षित किया। वैद्य देवेंद्र बत्रा ने बच्चों को नकद राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद, भगवान दास कबीरपंथी, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व ओएसडी संजय बाठला, संजय बत्रा, पूर्व पार्षद ईश गुलाटी आदि मौजूद रहे।

# श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए 6 जनवरी तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सूचना, जनसंपर्क** एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से श्री धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र कलाकार 6 जनवरी, 2025 तक इस पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से संबंधित विभाग में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले और आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। एडीपीआर रणवीर सिंह सागंवान ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन आगामी 6 जनवरी 2025 तक एससीओ नंबर 200-201 सेक्टर 17-सी चंडीगढ़ या डीआईपीआरफील्डएटदारटेजीमेल डॉटकाम पर ईमेल के माध्यम से विभाग को भेजे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है और यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# कीटनाशक दवाओं का प्रयोग मधुमक्खी पालक के लिए नुकसानदायक: डॉक्टर सत्येंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : डा. सत्येंद्र यादव** ने कहा कि परागण की प्रक्रिया उन फलों, सब्जियों या अनाजों को उगाने में प्रमुख भूमिका निभाती है जो हम खाते हैं. मधुमक्खियां पराग को एक पौधे से दूसरे पौधे तक ले जाने में मदद करती है। जब मधुमक्खी किसी फूल पर बैठती है तो परागकण उसके पैरों और पंखों पर चिपक जाते हैं और जब वह उडकर दूसरे पौधे पर बैठती है तो ये परागकण उस पौधे में जाकर खाद बनाते है। इससे फल और बीज पैदा होते है। उपरोक्त जानकारी एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र रामनगर में आयोजित गोष्ठी में प्रमुख डॉ. सत्येंद्र यादव ने दी उन्होंने बताया कि किसानों को फसलों पर ज्यादा कीटनाशक दवाओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए यदि करना भी है तो सुबह के समय या फिर शाम के समय स्प्रे कर सकते है क्योंकि स्प्रे मधुमक्खियों के लिए नुकसानदायक है उन्होंने बताया कि प्रदेश के कई जिले जैसे रेवाड़ी महेंद्रगढ़ में किसान कीटनाशक दवाओं का प्रयोग बहुत कम करते है जिसके कारण वो मधुमक्खियों के परागण में कारगर साबित हो रहे है। इस अवसर पर डा. नेहा ,डा. चांद, मुकेश,राजेश सैनी,राजसिंह के इलावा कई मधुमक्खी पालक उपस्थित रहे।

# गरीबों व असहायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है: विधायक देवेंद्र कादियान

**राहत**

**जन कल्याण समिति द्वारा 90 जरूरतमंद व असहाय लोगों को वितरित किए कंबल, मिली राहत**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: जन** कल्याण समिति, गन्नौर के परिसर में रविवार को सतपाल बसंल की अध्यक्षता में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हरीश वाधवा, अंकित मल्होत्रा व मदन जैन रहे। यहां क्लब प्रधान भूपेंद्र



कूकरेजा ने उनका फूलमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से की गई, जिसमें संस्था पदाधिकारियों व अतिथियों ने आहूति डाली। इसके उपरांत विधायक देवेंद्र कादियान के हाथों करीब 90 जरूरतमंद व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। इस ठंड में कंबल पाकर लोग राहत महसूस करते नजर आए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गरीबों व असहायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। इसके लिए जन कल्याण समिति बधाई की पात्र है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। कादियान ने कहा कि सरकार का सपना है कि जरूरतमंदों को उनका हक मिले।

# गलत लाइफस्टाइल बन रही है रीढ़ की हड्डी में विकार का कारण: छाबड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रमुख समाजसेवी** संस्था सुख-दुख के साथी के सहयोग से विर्क सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें सहयोगी की भूमिका आई एमसी द्वारा निभाई जाएगी। सुख दुख के साथी संस्था के प्रवेश गाबा ने बताया कि शिविर में घुटने कुल्हे सं संबंधित दर्द तथा वाई रीड़ की हड्डी व नसों से संबंधित रोगों का परीक्षण किया जाएगा। न्यूरो तथा रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ डा.अनुज छाबड़ा ने बताया कि मोबाइल और कम्प्यूटर का गलत ढंग से प्रयोग करने वालों को सर्वाइकल की बीमारी होती है।



उन्होंने कहा कि जो लोग बाइक पर चलते समय मोबाइल का प्रयोग करते हैं, उनको सर्वाइकल के साथ गर्दन अकड? की अधिक बीमारी होती है। इससे बचने के लिए कैल्शियम प्रोटीन और विटामिन डी की खुराक अपने भोजन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि लेटने बैठने बजन उठाने में गलती के कारण कमर दर्द की बीमारी होती है। इससे बचने के लिए नियमित एक्सरसाइज करें। हड्डी एवं जोड़

**परीक्षण**

**शिविर में घुटने कुल्हे सं संबंधित दर्द तथा वाई रीड़ की हड्डी व नसों से संबंधित रोगों का परीक्षण किया**

विशेषज्ञ डा.दक्ष शर्मा ने बताया कि बजन बढने के कारण जोड़ों में दर्द की शिकायत होती है। घुटनों में दर्द से बचने के कारण घुटनों की एक्सरसाइज करने के साथ वजन पर नियंत्रण करें। उन्होंने कहा कि आजकल लाइफ स्टाइल के कारण बीमारी बढ़ रही हैं। शिविर में मरीजों का परीक्षण हड्डी एवं जोड़ विशेषज्ञ डा. बलबीर सिह विर्क, डा. दक्ष शर्मा, न्यूरो तथा रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ डा. अनुज छाबड़ा, अमनप्रीत सिंह, प्रदीप टिन्हा, डा.मुनीष गुप्ता, डा. पुष्पिंदर बजाज ने किया। शिविर में जिनको कमर दर्द, कमर दर्द का पैरों में जाने की, पैरों में अन्था हाथों में सनसनाहट, गर्दन एवं कमर में अकडने की शिकायत हो, रीढ़ की हड्डी, कमर का ट्यूमर, टीबी की गांठ लैट्रिन व पैशाब में कमर दर्द के साथ परेशानी, डिस्क समस्या, घुटनों के जोड़ों में नियमित दर्द व सूजन नसों की कमजोरी, दर्द निवारक दवाओं का नियमित सेवन से होने वाली बीमारियों से ग्रस्त मरीज पहुंचे।

# विधवा से 10.5 लाख की ठगी, बेटी को कनाडा भेजने का दिया झांसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गोंदर** गांव की एक विधवा महिला को विदेश भेजने के नाम पर 10.5 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की सबसे छोटी बेटी राजकली ने आईईएलटीएस की परीक्षा पास कर ली थी। आरोपी ने उसे कनाडा भेजने का भरोसा दिया था। इसके लिए महिला ने अपनी बचत से बड़ी रकम आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दी। धोखाधड़ी का खुलासा होने पर आरोपी ने पहले तो 5.5 लाख रुपये का चेक दिया, लेकिन बाद में पैसे वापस नहीं किए और फोन उठाना भी बंद कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजकली ने बताया कि उसने एसबीआई बैंक से विकास के खाते में 5.5 लाख रुपये जमा कराए। इसके अलावा 11 मई 2022 को इंडियन बैंक से एसबीआई बैंक में 4.5 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इस दौरान आरोपी ने भरोसा दिलाया कि वह उसकी बेटी को जल्द ही कनाडा भेज देगा। विकास ने फाइल भी लगाई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया। महिला ने बताया कि आरोपी विकास से उसकी मुलाकात मुकेश नाम के व्यक्ति ने कराई थी।

# कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा की अध्यक्षता में हुई पंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः नगर निगम सोनीपत के** कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा की अध्यक्षता में दादा सैयद के स्थान पर रविवार को पंचायत का आयोजन किया गया।जिसमे बताया गया कि पिछले हफ़्ते दादा सैयद की जमीन पर कब्जा करने के लिए कुछ अज्ञात लोगों ने प्रयास किया है जिसके उपरांत जब यह बात सभी ग्रामवासियों को पता चली तो सभी ग्रामवासियों में आक्रोश फैल गया, दादा सैयद की मान्यता आस पास के सभी गांवों में है जैसे की गाँव राठधाना, जगदीशपुर, जाट जोशी, बंदेपुर, लिवासपुर, लिवान, जठेरी आदि मे



है। कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा ने बताया की जिस भी व्यक्ति ने दादा सैयद की जमीन पर कब्जा करने की सोची उसका कभी भला नहीं हुआ। जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा ने सुझाव दिया की जमीन को अवैध कब्जे से बचाने के लिए वहाँ एक गेट लगाया जाए व साथ ही एक कमरे का निर्माण कराया जाए और जमीन में फलदार वृक्ष भी लगाते हुए एक पार्क का रूप दिया जाए, इसपर पंचायत ने मुहर लगाते हुए साथ साथ काम शुरू करा दिया।

# बहू ने ससुर-जेठ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर-16** में विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर दहेज के लिए परेशान करने, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। शादी के समय पीड़िता के माता-पिता ने दहेज के रूप में 8 लाख रुपये नकद और एक कार दी थी। इसके बावजूद भी उसके ससुराल वाले और पैसों की मांग कर उसे परेशान करते रहे। पीड़िता ने अपने ससुर और देवर पर भी उस पर बुरी नीयत रखने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आरोप**

**विवाहिता ने दहेज के लिए परेशान करने, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया**

पीडित महिला का कहना है कि फरवरी 2022 में उसकी शादी हुई थी। शादी के समय ससुराल वालों ने उसके पति को साइप्रस में काम करते हुए दिखाया, जहां वह हर महीने लाखों रुपये कमाने का दावा करता था। शादी के बाद पति को विदेश भेजने के नाम पर 2 लाख रुपये और मांगे गए, जो उसके माता-पिता ने दे दिए। बाद में पता चला कि पति का विदेश में स्थायी निवास (पीआर) नहीं है और वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। शादी के बाद महिला को घर के सभी काम अकेले करने के लिए मजबूर किया गया। उसकी सास सुबह तडके उठाकर उसे सफाई, बर्तन और कपड़े धोने जैसे काम करवाती थी। महिला का कहना है कि उसे कभी परिवार का सदस्य नहीं समझा गया और घर में नौकरानी की तरह व्यवहार किया गया। महिला ने अपने ससुर और जेठ पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि ससुर ने उससे मसाज करने की बात कहीए, जबकि जेठ शादी के अगले ही दिन शराब के नशे में बाथरूम में घुस आया। जब इस बात की शिकायत उसने पति से की तो उसने अनसुना कर दिया और उसे समझौता करने की सलाह दी। महिला ने यह भी बताया कि एक बार सास और जेठानी ने मिलकर उसके दूध में कुछ मिलाया, जिससे वह बेसुध हो गई। उसे शक है कि इस दौरान उसके साथ कुछ गलत हुआ होगा। जब उसने इस घटना की जानकारी अपनी सास को दी तो उसे धमकाते हुए चुप रहने को कहा गया। महिला ने बताया कि उसका पति साइप्रस जाकर दूसरी महिला के साथ रह रहा है। उसने फोन पर स्वीकार किया कि उसने वहां दूसरी शादी कर ली है और पहली शादी केवल परिवार के दबाव में की थी। पीड़िता की शिकायत पर करनाल महिला थाने में पति, सास और जेठानी समेत ससुराल के अन्य सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# ढोंगी हैं कांग्रेस के नेता: मोहन लाल

**सोनीपत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस को घेरा और कांग्रेस के नेताओं को ढोंगी कहा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की हमेशा उपेक्षा करने वाले कांग्रेस के नेता वोट बैंक की खातिर बाबा साहेब के अपने होने का ढोंग कर रहे हैं। राजनीतिक एजेंडे को साधने के लिए कांग्रेस और उसका टूलकिट गैंग भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर समाज को बांटने का काम कर रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विभाजनकारी, द्वेषपूर्ण राजनीति को बल देने और चुनावों में मिल रही हार से हताश कांग्रेस के नेताओं ने लोकतंत्र के मंदिर को भी नहीं छोड़ा।

## संपादकीय

# हाउस अरेस्टिंग डिजिटल क्रांति का काला और स्याह पहलू

**डिजिटल** क्रांति का स्वरूप मानवीय जीवन में एक नया और क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने आमजन की जीवन शैली ही बदल कर रख दी है। इस क्रांति ने देश और विदेश की दूरियों को एकदम कम कर दिया इसके अनेक लाभ तो है ही साथ ही जीवन में अनेक परेशानियां तथा दहशत को जन्म दिया है । इंटरनेट की सेवाओं से उपजा हाउस अरेस्टिंग का मायाजाल कभी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट कभी कस्टम ऑफिसर और कभी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमका कर हाउस अरेस्ट कर आमजन के संचित कोष को लूटने में लगा है इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति का समय दशरथ और डर गुजरता है मामला गंभीर है और चिंतनीय भी। इसका निदान तत्काल प्रभाव से किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा हाउस अरेस्टिंग एक बड़े सामाजिक अभिशाप के रूप में सामने आने लगा है।

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निमार्ता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं।

# तस्करी के लिए पाक कर रहा हाइटेक ड्रोन्स का इस्तेमाल

राजेश माहेश्वरी

"बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान आज ज्यादातर अपने देश में बने ड्रोन से ही हथियार और नशा भारत में सप्लाई कर रहा है। आज हमारे देश की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ, सीमा सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारी, पाकिस्तानी तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हैं, अनेक ड्रोनों को उन्होंने मार गिराये हैं और तस्करों को पकड़ा भी हैं,जिसके परिणामस्वरूप अवैध व्यापार अस्थायी रूप से रुका भी है"

**सभी जानते** हैं कि पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद का गढ़ है। पाकिस्तान न केवल आज दुनिया में आतंकवाद फैला रहा है बल्कि वह स्वयं भी इससे बहुत त्रस्त है। हाल ही में उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा चौकी पर बड़ा आतंकवादी हमला हुआ, मीडिया के हवाले से खबरें आईं हैं कि आतंकवादियों की ओर से किए गए इस भीषण हमले में 16 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। मीडिया से यह भी सूचना मिली है कि पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा बलों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकवादी हमला है।न केवल आतंकवाद बल्कि पाकिस्तान अपने यहां से नशा व हथियारों की तस्करी का भी आज एक बड़ा गढ़ ही है। कहना गलत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान ड्रग्स व हथियारों की स्मगलिंग के लिए ऐसे हाईटेक ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहा है, जो आसानी से पकड़ में नहीं आते। गौरतलब है कि जहां नशीली दवाओं की तस्करी अक्सर अपराध के अन्य रूपों जैसे-आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग अथवा भ्रष्टाचार से जुड़ी होती है, वहीं दूसरी ओर हथियारों की तस्करी आतंकवाद व आतंकी घटनाओं को जन्म देती है।कहना गलत नहीं होगा कि आज नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी से राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा है। नशा व हथियार तस्करी ही नहीं धार्मिक शिक्षा के नाम पर भी पाकिस्तान आज एक खतरनाक खेल, खेल रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और खुफिया एजेंसी आइएसआइ के गठजोड़ का भी एक फ्रांसीसी पत्रिका 'ले स्पेक्टेकल डू मोंड' द्वारा यह खुलासा किया गया है कि पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को सेना की तरह प्रशिक्षित कर रहा है और धार्मिक शिक्षा के नाम पर साज़िश रच रहा है। यह बहुत ही खतरनाक है कि आज जैश धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी तैयार कर रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी ही तैयार नहीं कर रहा है अपितु वह भारत में हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी के नये-नये तरीके खोज रहा है और उन्हें इस्तेमाल में ला रहा है। सच तो यह है कि पाकिस्तान स्थित विभिन्न आतंकवादी समूह आज डिजिटल यानी कि विभिन्न आनलाइन गतिविधियों के



जरिए भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने में लिप्त है। हालांकि, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, हमारे देश की साइबर टीम और हमारे तमाम सुरक्षा बिल इसको लेकर पहले से ही बहुत सतर्क और मुस्तैद हैं। बावजूद इसके भारत को पाकिस्तान द्वारा की जा रही डिजिटल घुसपैठ को रोकने के लिए और बड़े कदम उठाने की जरूरत इसलिए है क्योंकि आज का जमाना सूचना क्रांति का है।हम सभी जानते हैं कि आज आनलाइन माध्यमों से पलों में भारत विरोधी कंटेंट को इधर से उधर पहुंचाया जा सकता है। आज तस्कर और आतंकी लगातार तकनीक और मोबाइल क्रांति का सहारा ले रहे हैं। सच तो यह है कि मोबाइल और तकनीक के इस्तेमाल ने आतंकियों/तस्करों/ माफियाओं के लिए तस्करी के तरीके, रास्ते सटीक और आसान बना दिए हैं। आलम यह है कि अब सरहद के पास कोई स्थान विशेष को निर्दिष्ट करके हथियार और हेरोइन, अफीम, गांजा ,चरस, नशीली दवाएं आदि मादक पदार्थ तथा हथियार तक गिराए जाते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान, भारत समेत विश्व के अनेक देशों में हथियारों और नशीले पदार्थों की खपत करता है। आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में सालाना 44 टन तक संसाधित हेरोइन की खपत होती है। पड़ोसी अफगानिस्तान से 110 टन हेरोइन और मॉर्फिन की तस्करी पाकिस्तान के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में की जाती है। इसके अलावा, माना जाता है कि पाकिस्तान का अवैध ड्रग व्यापार सालाना 2 बिलियन डॉलर तक कमाता है। आज पाकिस्तान ड्रोन से अवैध रूप से ड्रग्स कारोबार में लिप्त है।आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 के दस महीनों में ही पाकिस्तान से पंजाब सीमा पर भेजे गए 177 ड्रोन बरामद किए गए हैं। यह बरामदगी 2023 में पकड़े गए ड्रोन की संख्या से 107 अधिक है। गत वर्ष 60 ड्रोन बरामद हुए थे। वर्ष 2022 में जून के महीने में यह सामने आया था कि पाक के तस्कर पंजाब सीमा से सटे खेतों व बॉर्डर फेंसिंग के पास नशे से भरी ईंटें फेंक रहे हैं। उस वक्त यह भी सामने आया था कि पानी की मोटरों में इस्तेमाल होने वाले होलो पंप में भी नशा भरकर सीमा पार से भेजा जा रहा है और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों का भी इस्तेमाल नशा तस्करी में किया जा रहा है। पिछले कुछ समय पहले यह भी सामने आया था कि अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट भारत में नशे की खेप लाने के लिए अलग-अलग रास्तों का फायदा उठा रहे हैं। मसलन, गुजरात का मुंद्रा पोर्ट, पंजाब बॉर्डर, नेपाल और म्यामांर के रास्ते भारत में ड्रग्स लाई जा रही है। वाकई यह बहुत ही संवेदनशील है कि आज भारतीय तस्कर पाकिस्तानी तस्करों को लोकेशन भेज ड्रोन के माध्यम हेरोइन,गांजा, चरस और असलहा आदि की खेप मंगवा रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि पाक तस्करों का समर्थन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ भी करती है। आइएसआइ इन्हीं तस्करों की मदद से भारत में विस्फोटक सामग्री, हथियार व नशीले पदार्थों तक को भिजवाती है। सच तो यह है कि पाकिस्तान भारत में शांति व सौहार्द को भंग करने के उद्देश्य से चोरी-छुपे हथियारों की सप्लाई के साथ नशा तस्करी को भी अंजाम दे रहा है और यही कारण है कि भारत में तस्करी आज एक बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रही है, जो सिर्फ कानून व्यवस्था पर ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति, हमारे समाज और पर्यावरण, स्वास्थ्य पर भी कहीं न कहीं बुरा असर डाल रही है। कहना गलत नहीं होगा कि तस्करी का प्रभाव केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रहता। यह पूरे देश की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समाज और पर्यावरण तक को प्रभावित करता है। पाकिस्तान अपनी धरती से भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन करता रहा है और आज भी वह लगातार ऐसी गतिविधियों में संलिप्त है। तस्करी की बात करें तो हाल ही में पंजाब के अमृतसर (ग्रामीण) में पुलिस ने 4 किलो हेरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इस हेरोइन को पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए तस्करी करके लाया गया था। हेरोइन ही नहीं पुलिस ने एक 9 एमएम पिस्तौल भी बरामद की है। आज भी नेपाल और पंजाब के रास्ते पाकिस्तान से हेरोइन और अफीम जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है और इस आशय की खबरें मीडिया के माध्यम से आतीं रहतीं हैं। दो साल पहले एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि पाकिस्तान, अपने हितैषी चीन में बने नये ड्रोन के स्थान पर अब पाकिस्तान में ही बनाए गए पुराने ड्रोन तस्करी के लिए इस्तेमाल कर रहा है।सूत्रों के मुताबिक भारतीय सुरक्षा बलों की पाकिस्तानी तस्करों पर लगातार कार्रवाई और महंगे चीनी ड्रोन से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए पाकिस्तान द्वारा ऐसा किया जा रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान से भारतीय सीमा में आने वाले ज्यादातर ड्रोन चीन में ही बने होते हैं, जिनमें हेक्साकॉप्टर और क्वाडकॉप्टर ड्रोन भी शामिल हैं। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान आज ज्यादातर अपने देश में बने ड्रोन से ही हथियार और नशा भारत में सप्लाई कर रहा है। आज हमारे देश की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ, सीमा सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारी, पाकिस्तानी तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हैं, अनेक ड्रोनों को उन्होंने मार गिराये हैं और तस्करों को पकड़ा भी हैं,जिसके परिणामस्वरूप अवैध व्यापार अस्थायी रूप से रुका भी है।

## कविता

महंगाई की मार और
चुनावी नेताओं का प्यार।

आम आदमी चिल्ला रहा है
महंगाई की मार से बिलबिला रहा है
अनाज हो गए
गरीबों की पहुंच से बाहर
गरीब आदमी ने कई दिनों से
खाई नहीं दाल राहर।

उधर लहसुन बरपा रहा है
150रुपये पाव में कहर,
देखो फिर से आ गई
सब्जियों में महंगाई की लहर।

सब्जी पहुंची फलों के भाव
सेठ दिखा रहा है गरीबों को ताव,
जनता हो गई
खर्च कर कर के फकीर
टूट गई उनकी किस्मत की लकीर।

अब फिर चुनाव आकर चले गए हैं
नेता फिर से
वायदों की खेप देकर
रफूचक्कर हो गए हैं
कहते हैं हमारा मसीहा आएगा
दूध ,फल ,सब्जी को भी
जनता तक आसानी से पहुंचाएगा

संजीव
---------

# गिरता रूपया और फाईव ट्रिलियन अर्थव्यवस्था

**प्रेम शर्मा**

**अमेरिकी** डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की विनिमय दर 85 के आंकड़े को पार कर गई है। दूसरे शब्दों में कहें तो 1 डॉलर खरीदने के लिए 85 रुपये चुकाने होंगे। अप्रैल में, यह विनिमय दर 83 के आसपास थी। एक दशक पहले, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभाला था, यह 61 के आसपास थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई भाषणों में 5 ट्रिलियन इकॉनमी की खूब चर्चा हो रही है। वे पूरे आत्म विश्वास के साथ कहते है किं भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना बिल्कुल संभव है। लेकिन जिस तरह से डालर के मुकाबले लगातार रुपए गिर रहा है। उसे देखकर 5 ट्रिलियन डॉलर (350 लाख करोड़ रुपये) इकॉनमी देश की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य दूर दिख रहा है। भारत की अर्थव्यवस्थ अभी लगभग 3.8 ट्रिलियन डॉलर है। रुपये में ऐतिहासिक गिरावट 19 दिसम्बर 24 दर्ज की गई। भारतीय मुद्रा लुढ़ककर 85 रुपये प्रति डॉलर के नीचे बंद हुई। यह रुपये का अब तक का सबसे निचला स्तर है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में 19 पैसे की गिरावट के साथ रुपया 85.13 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर पहुंचा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 2025 के अनुमानों में बदलाव के चलते उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ा। डालर का 85 के पार जाने से चिंता बढ़ गई है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले का असर दुनिया भर के बाजारों पर दिख रहा है। जब जब रुपया कमजोर होता है तो विदेशी निवेशक पर इसका असर नजर आ सकता है। भारत में निवेश करने से ये हिचकिचा सकते हैं। इसके पीछे की वजह यह है कि उन्हें लगता है कि भविष्य में रुपये का मूल्य और कम हो सकता है, जिसकी वजह से उन्हें नुकसान हो सकता है। इधर रुपए के कमजोर होते ही रुपये को मजबूत करने के लिए सरकार और रिजर्व बैंक कुछ कदम उठा सकते हैं। वे ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं। इससे लोगों को लोन लेना महंगा पड़ेगा. कारोबार पर भी इसका असर पड़ता नजर आ सकता है। जानकारों के अनुसार डालर के मुकाबले रुपए में गिरावट अमेरिकी फे-डरल रिजर्व के अपनी नीतियों में बदलाव की वजह से ऐसा हुआ है। कोरोना के बाद दुनिया के तमाम देश मंदी की चपेट में आ गए थे। उससे उबरने के लिए सभी ने अपने-अपने तरीके से उपाय किए। अमेरिकी फेडरल ने अपनी ब्याज दरों में कटौती कर उसे साढ़े चार फीसद पर ला दिया है। इस तरह डालर की स्थिति मजबूत हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि जब से राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय हुई है, निवेशकों को लगने लगा है कि वहां निवेश करना सबसे फायदेमंद है। इसलिए बहुत सारे निवेशकों ने भारत से पैसे निकाल कर अमेरिका का रुख कर लिया। इससे विदेशी मुद्रा भंडार में भी छीजन दर्ज शुरू हो गई।

## विचार

# डॉ. आंबेडकर को सही परिप्रेक्ष्य में समझने की आवश्यकता

**डॉ सुधाकर कुमार मिश्रा**

**डॉ** आंबेडकरजी भारतीय राजनीति के महान नेता थे। भारत के स्वतंत्रता के समय आंबेडकर जी सामाजिक परिवर्तन चाहते थे, सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा समाज की दुरावस्था एवं सामाजिक कुरीतियों को देखकर आत्मा से दु:खी थे और उनको बदलने के लिए प्रयत्नशील थे । उनके सामाजिक कार्यक्रमों में तत्कालीन कांग्रेस ने रोड़ा लगाया था। कांग्रेस के सन 1886 के दुसरे अधिवेशन में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष श्री दादाभाई नौरोजी ,जो भारत के व्यवृद्ध व्यक्ति थे और उदारवादी नेता थे ने कहा था कि कांग्रेस संगठन को अपना ध्यान राजनीतिक विषयों पर देना चाहिए। सन 1887 के मद्रास अधिवेशन के समय भी कांग्रेस अध्यक्ष श्री बदरुद्दीन तैय्यब जी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने आपको सामाजिक समस्याओं से अलग रखें। डॉ आंबेडकर जी ने अपना ध्यान बाल – विवाह , अछूतोद्धार,स्त्री वर्ग की प्रगति, अस्पृश्यता तथा अन्य रूढ़ियों के समाप्त करने का कार्य किया। यह महत्वपूर्ण तथ्य है कि जिन लोगों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सत्ता प्राप्त किए , वे समाज सुधार से कोसों दूर चले गए। आंबेडकर जी का कहना था कि "मैं सामाजिक सुधार को राजनीतिक सुधार की अपेक्षा अधिक मौलिक मानता हूं।"

वर्तमान में गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के बयान को अंबेडकर जी का अपमान क्यों माना जा रहा है? इससे भाजपा की दलित राजनीति कैसे प्रभावित हो सकती है? यदि ईश्वर शोषण से मुक्ति देनेवाला है तो डॉक्टर अंबेडकर जी जाति व्यवस्था में बटे भारतीय समाज के उन करोड़ों लोगों के ईश्वर हैं जिन्होंने सदियों तक सामाजिक, आर्थिक ,राजनीतिक और शैक्षणिक भेदभाव झेला है। ईश्वर वह है जो जीवन की गुणवत्ता ,समानता एवं औषधि प्रदान करता है ।अंबेडकर जी ने दलित वर्गों के लिए अति प्रसंसनीय कार्य किया है ,यही कारण है कि अंबेडकर जी की विचारधारा से जुड़े और दलित राजनीति से जुड़े लोग अमित शाह के इस बयान को अंबेडकर जी के अपमान के रूप में देख रहे हैं। समकालीन में सभी राजनीतिक दलों को अंबेडकर जी को अपनाने की होड़ मची है और राजनीतिक दल अंबेडकर जी के विचारों को क्रियान्वित करने के बजाय उनकी पहचान को इस्तेमाल कर दलित मतदाताओं को अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी लम्बे समय से ब्राह्मणों और बनियों की पार्टी कही जाती थी, लेकिन बीजेपी ने खासकर मोदी जी के नेतृत्व में अपने वोटरों का प्रसार अन्य पिछड़ा वर्ग(डइउ२) और दलित वर्ग तक किया था। भारतीय राजनीति में यह वोटर्स ' तैरते हुए ' माने जाते हैं, क्योंकि इन मतदाताओं का रुझान बदलता रहता है। बीजेपी की भरपूर कोशिश रहती है कि जातीय पहचान की राजनीति हावी ना हो और बहुसंख्यक हिंदुओं की धार्मिक पहचान की राजनीति मजबूत हो। बीजेपी के मातृ संगठन आरएसएस( संघ ) मुख्य तौर पर महाराष्ट्र की ऊंची जातियों खासकर ब्राह्मणों का सामाजिक संगठन था और संघ के शुरूआती जुड़ाव में अनुसूचित जातियां इसके तरफ आकर्षित नहीं थे । यह सार्वभौमिक सत्य है कि आरएसएस ने अभी तक जाति आधारित प्रधानता नहीं दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा समरसता पर आधारित है। राजनीति में सफल प्रदर्शन के लिए सभी जातियों की भूमिका होती है । 1974 में बालासाहेब देवरस संघ के सरसंचालक थे । संघ ने अपने रवैया में बदलाव किया ।अंबेडकर जी, पेरियारजी और महात्मा फुले जी जैसे महापुरुषों के नाम को अपनी प्रार्थना में जोड़ा था, इसके अतिरिक्त दलित और आदिवासियों को अपनी तरफ आकर्षित कर लेने के लिए अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए थे। संघ भी अपने स्तर पर वनवासी कल्याण आश्रम और समरसता इकाई को प्रारंभ किया। बीजेपी ने जनसंघ की स्थापना के समय से दलितों को पार्टी में सम्मान दिया था। डॉक्टर अंबेडकर जी के चुनावी महासमर के सहयोगी तत्कालीन प्रचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी थे। डॉ आंबेडकर जी के प्रति संघ में शुरूआत से सम्मान और आदर का भाव था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख विशेषता है कि वह विद्वानों को भरपूर सम्मान करता है।

वर्तमान में भारतीय राजनीति में डॉक्टर अंबेडकर जी को अपनाने की राजनीतिक प्रतियोगिता चल रही है। कांग्रेस लगातार संविधान ,जातिगत जनगणना और आरक्षण की बात कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे जी हैं, जो दलित वोटर को लुभाने का रासायनिक प्रभाव है। बीजेपी ने आंबेडकर जी के" पंच तीर्थ" की स्थापना किया है। लंदन में आंबेडकर जी का स्मारक बनवाया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# किसानो कि बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**देश के** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उन का कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे।

चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे।

# रसोईघर बना अखाड़ा*

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**भारतीय** घरों में रसोई वह युद्धभूमि है, जहाँ दिन-रात सास-बहू के विचारधाराओं की ठन-ठन होती रहती है। यह रसोई मात्र गैस चूल्हे और कढ़ाई का संगम नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना का एक ऐसा मंच है, जहाँ हर दिन एक नया नाटक खेला जाता है। आज सुबह सास-बहू आमने-सामने थीं। सास ने गंभीर स्वर में पूछा, "बहू, रसोई में क्या बना लेती हो?" बहू ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "माँ जी, रसोई में बीमार होने का बहाना बना लेती हूँ।" सास का चेहरा देख ऐसा लग रहा था, जैसे उसके भीतर का ह्यधृतराष्ट्रह्न जाग उठा हो। उसने आसमान की ओर देखते हुए कहा, "हे भगवान! ये स्वीगी-जोमाटो की बहू मेरे घर में किस जन्म के पापों का बदला ले रही है?" बहू ने तुरंत जवाब दिया, "माँ जी, मुझे रसोई में बस आलस आता है, नींद आती है, और कभी-कभी तो चक्कर भी आने लगते हैं।" सास की परंपरावादी सोच के लिए रसोई एक तपस्या का स्थान है। उसके लिए बहू का किचन में घुसते ही देवी अन्नपूर्णा बन जाना अनिवार्य है। लेकिन बहू, जो आधुनिक शिक्षा और नारी स्वतंत्रता की आग में तपकर आई थी, उसे रसोई में खड़े होकर आलू छीलना ह्यफ्लॉप शोह्न जैसा लगता था। सास की दुनिया में, रसोई वह अखाड़ा थी, जहाँ बहू को सुबह उठते ही मुकाबला करना था।

उसकी परिभाषा में ह्यअच्छी बहूह्न वही थी, जो सब्जी में नमक कम हो, तो सास को दोष दे और ज्यादा हो, तो भगवान को। दूसरी ओर, बहू ने रसोई को ऐसे देखा, जैसे वह उसका सबसे बड़ा दुश्मन हो। सास सोच रही थी, "हमारे जमाने में बहुएँ सुबह चार बजे उठकर पूरे घर का काम कर लेती थीं। और आज की लड़कियाँ! इनके लिए सुबह का मतलब दस बजे उठकर कॉफी का कप पकड़ना है।" लेकिन बहू भी सोच रही थी, "माँ जी को यह नहीं समझ आता कि मैं रसोई में नहीं, ऑफिस में क्रांति करना चाहती हूँ। मुझे गैस के सिलेंडर के साथ नहीं, लैपटॉप के साथ काम करने की आदत है।" सास ने बहू की तरफ देखा और तंज कसते हुए बोली, "आजकल की लड़कियाँ रोटी बेलने से ज्यादा समय इंस्टाग्राम पर तस्वीरें लगाने में लगाती हैं।"

## न्यूज फ्लैश

### पेट्रोल पंप पर सिगरेट पीने से मना करने पर कर्मियों को पीटा

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में स्थित एक पंप पर पेट्रोल डलवाने आए युवकों को कर्मियों ने सिगरेट पीने से मना करना महंगा पड़ गया। कर्मचारियों ने पेट्रोल डालने से मना किया तो युवक कुछ देर में अपने साथियों के साथ पंप पर आकर लाठी-डंडों से पंप कर्मचारियों पर हमला कर दिया। आरोपितों ने पंप पर भी तोड़फोड़ की। इस दौरान वहां दरवाजों के शीशे भी तोड़ दिए। पंप कर्मचारियों ने दीवार में कूदकर आरोपितों से अपनी जान बचाई। मारपीट में पंप कर्मचारी अजमेर और तरुण घायल हो गए। घायलों का उपचार अस्पताल में करवाया गया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कुंडली में टीडीआइ सिटी गेट के पास स्थित कारगिल शहीद कृष्ण लाल फिलिंग स्टेशन पर रात करीब साढ़े 11 बजे एक कार में सवार होकर तीन युवक पहुंचे। पेट्रोल पंप पर काम करने वाले अजमेंद्र ने एक युवक को सिगरेट पीते देख उनकी कार में पेट्रोल डालने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर युवकों और पेट्रोल पंप कर्मचारी के बीच कहासुनी हो गई। युवकों ने गाली-गलौज और हंगामा शुरू कर दिया। पेट्रोल पंप पर मारपीट की आवाज सुनकर अन्य कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। पेट्रोल पंप कर्मचारियों को देखकर कार सवार युवकों ने अन्य दोस्तों को भी बुला लिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी युवक भाग गए। घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कुंडली थाना पुलिस का कहना है कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मॉल चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत**

**कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने** मॉल चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजेद्र निवासी भरतपूर राजस्थान हाल में नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। धर्मपुर गुरुग्राम निवासी दीपक ने गत 11 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी पूरे इंडिया में माल सप्लाई करती है। गत 25 नवंबर को कंपनी से 38 टन प्लास्टिक दाना ट्रक में लोड करवाकर दिल्ली की पार्टी के लिए रवाना गया। चालक ने अपनी गाड़ी को अगले दिन कुंडली टोल के पास खड़ा कर दिया। उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। जीपीएस के जरिए गाड़ी की लोकेशन पता की। उसके बाद उसके बाद चालक राजेन्द्र तथा गाड़ी मालिक हिमांशु निवासी गांव सारंगपुर जिला नजफगढ़ दिल्ली के मोबाईल बंद हो गए थे। वहीं गाड़ी पार्टी के पास नहीं पहुंची। गाड़ी मालिक व चालक ने उनका सामान गायब कर दिया।

### नहर में मिले शव की पहचान को लेकर असमंजस बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जि**ले में गांव गोगड़ीपुर के पास पश्चिमी यमुना नहर में मिले मृतक युवक की शिनाख्त को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। मंगलौरा के एक परिवार ने मृतक की पहचान अजय के रूप की, लेकिन बाद में एक बार फिर पुलिस ने परिवार को युवक की शिनाख्त के लिए बुलाया। अच्छी तरह से देखने के बाद परिवार ने पुलिस को स्पष्ट किया कि शव अजय का नहीं है। इसके बाद पुलिस ने फिर से मृतक के शव को मोर्चरी हाउस में पहचान के लिए रखवा दिया। पुलिस अब शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। रविवार को मंगलौरा गांव का एक परिवार करनाल के मोर्चरी हाउस में पहुंचा। मंगलौरा के परिवार ने शव को देखा और मीडिया में बयान जारी किया कि युवक हमारे परिवार का है। मंगलौरा निवासी सुशील, रवि व साहिल ने मृतक की पहचान अजय के रूप में की। सुशील ने बताया कि मेरा भाई अजय 14 दिसंबर को घर से अचानक लापता हो गया था, जिसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो 17 दिसंबर को मंगलौरा पुलिस को गुमशुदगी की शिकायत दी थी।

# नॉन स्टॉप रफ्तार से भारत वर्ष 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र: नायब सिंह

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा हल्का के नागरिकों की सुनी समस्याए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/ लाडवा : मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप रफ्तार से विकास कार्य किए जा रहे है। इस गति से देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रद्व बनेगा। इस देश में हर योजना को आम लोगों की सहुलियत को जहन में रखकर अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लाडवा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष सैंकडों लोगों ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित, जनस्वास्थ्य विभाग, खंड विकास



एवं पंचायत विभाग के साथ-साथ गांव और शहर में विकास कार्यों को करवाने से सम्बन्धित विषय रखे। मुख्यमंत्री ने एक-एक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता के साथ सुना और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने शहर के नागरिकों द्वारा राजकीय सीनियर सेंकेडरी स्कूल को बीडीपीओ कार्यालय के पास खाली पड़ी जमींन में शिफ्ट करने की मांग पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल को शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए, अगर स्कूल के हिसाब से जगह ठीक पाई गई तो स्कूल को शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने नागरिकों द्वारा पीने के गंदे पानी से सम्बन्धित शिकायत पर एसडीएम को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान करके पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था का दुरूस्त किया जाए। इस हल्का के नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बाबैन से शाहबाद सडक निर्माण कार्य की गुणवत्ता से सम्बन्धित रखी गई शिकायत पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सडक की गुणवत्ता को चैक किया जाए अगर गुणवत्ता में कमी पाई गई तो कार्रवाई अमल में लाई जाए। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का नॉन स्टॉप रफ्तार से चहुंमुखी विकास किया जा रहा है।

## देने को दान लेने को ज्ञान त्यागने को अभिमान: प्रवीण जैन



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन) समाज सेवा संगठन की ओर से 22 दिसंबर रविवार को** असंध रोड शनि मंदिर में आस पास में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों बुजुर्गों व महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत मुख्य अथिति विधायक प्रमोद विज ने की विधायक ने कहा समाज सेवा संगठन गर्म कपड़े वितरण कर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है और हर सेवा में अग्रणी रहता हैं हम सबको संगठन का सहयोग करना चाहिए संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन हर वर्ष झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों बुजुर्ग महिलाओं व स्लिम बस्तियों में रहने वाले बच्चों बुजुर्ग महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण करता है और 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत की थी उसी कड़ी में आज गोहाना रोड शनि मंदिर में आज आस पास में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों बुजुर्गों व महिलाओं को शाल जैकेट सूट वितरण किए जैन ने बताया सर्दी शुरू हो चुकी है हम और हमारे बच्चे घरों में रहते हैं और सभी सुख सुविधा होने के बावजूद सर्दी नहीं जाती और खुले आसमान के नीचे झुग्गी झोपड़ी में छोटे छोटे बच्चे बुजुर्ग और महिलाए रहती हैं।

## कार ने बाइक रेहड़ी को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में निगदू** के पास एक कार की टक्कर से बाइक रेहड़ी चला रहे युवक की मौत हो गई। वह रेहड़ी में खाद के कट्टे लोड करके जा रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान निगदू निवासी 38 वर्षीय कश्मीरी के रूप में हुई है। मृतक के भाई संजीव ने बताया कि कश्मीरी अपने साले के साथ चाय की दुकान चलाता है। आज सुबह कश्मीरी की बाइक रेहड़ी को वर्ना कार चालक ने टक्कर मार दी। रेहड़ी में खाद लोड थी और वह खाद लेकर गांव की तरफ जा रहा था।

# सलारपुर में वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी कुरुक्षेत्र** के गांव सलारपुर में स्थानेश्वर महादेव मन्दिर के बाबा सिद्ध नाथ कृषि फार्म प्राचीन समाधि स्थल में विश्व बंधुत्व जन कल्याण हेतु महा रुद्राभिषेक हुआ व हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धर्मनगरी के विद्वत संत समाज ने शिरकत की, महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि जी महाराज, महंत बंसीपुरी जी महाराज एवं संत समाज द्वारा यज्ञ में पूणार्हुति डाली गई।महामंडलेश्वर विद्यागिरि जी महाराज ने प्रयागराज कुंभ पर्व पर आने का सभी को निमंत्रण दिया। महंत बंशी पुरी महाराज ने कहा



कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी का ध्येय जनकल्याण व समाज में सद्भाव रहता है। उन्होंने कहा कि सलारपुर स्थित बाबा सिद्धनाथ की प्राचीन व चैतन्य समाधि है यहां भंडारा करने व पूजा पाठ की पुरानी परंपरा रही है। इसी के अनुसार और इलाके व आसपास के सब समुदाय के लोगों की सुख समृद्धि मंगल कामना हेतु पूजा अर्चना यज्ञ, अनुष्ठान व भंडारा किया जाता है ताकि विश्व बंधुत्व रहे तथा संपूर्ण विश्व का कल्याण हो। इस अवसर पर संत महामंडल की अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरि महाराज , षडदर्शन साधुसमाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर, महंत गुरुभगत सिंह , महंत महेश मुनि, महंत विश्वनाथ गिरि, महंत भीम पुरी, महंत जगन्नाथ पुरी, महंत सर्वेश्वरी गिरि, महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक, महंत विशाल दास,स्वामी रंगनाथपुरी, महंत तरण दास,महंत जगन्नाथ पुरी, महंत ईश्वर दास, महंत राम अवतार दास, महंत छविराम दास,महंत विजय पुरी, महंत जनार्दन दास, महंत सुनील दास महंत स्नेह दास, स्वामी मनोहर गिरि इत्यादि व महिला मंडली इत्यादि मौजूद रहे, विशाल भंडारे में आसपास के सभी गांव वासियों ने भाग लिया और प्रसाद के साथ संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया।

## लाखों विद्यार्थियों एवं परीक्षार्थियों के भविष्य को बचाकर कर दिया कमाल



**सोनीपतः दिल्ली हाईकोर्ट में** लंबित कलैट एग्जाम से संबंधित जो केस दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहा था उसमें दिल्ली हाईकोर्ट के वकील अर्जित गौड़ ने कलैट एग्जाम जो कि आल इंडिया लेवल का एग्जाम होता है उसमें पाई गईं त्रुटियों के संदर्भ में याचिका फाइल की थी। जिसे दिल्ली हाई कोर्ट ने मंजूर कर उसमें दिए गए 5 गलत प्रश्नों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए अधिवक्ता अर्जित गौड़ के पक्ष में अभूतपूर्व फैसला सुनाते हुए लाखो परिक्षार्थियों एवं विद्यार्थियों के भविष्य का रास्ता सुगम कर दिया।अधिवक्ता अर्जित गौड़ अब भारत के नामचीन अधिवक्ताओं की सूची में शामिल हो गए हैं।वह हरियाणा के जिला सोनीपत तहसील गोहाना के बली ब्राह्मण गाँव से संबंध रखते है।उनकी हाई स्कूल की शिक्षा सावित्रि शिक्षा सदन नौल्था,पानीपत से हुई तथा कानून की पढ़ाई उन्होंने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, हरियाणा से की है।

## सिगरेट चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र में एक महिला का धर्म भाई बनकर उसके बेटे व रिश्तेदारों को सरकारी नौकरी लगवाने व विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपयों की राशि ऐंठने का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस को शिकायत देकर शिक्षा विभाग भिवानी में तैनात कर्मचारी पर आरोप लगाया है। राशि वापिस मांगने पर आरोपित महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शहर की मेप्सिको सिटी में रहने वाली ओमपति ने पुलिस को बताया कि गांव मुरथल की रहने वाली किरण के साथ वह सत्संग में जाती थी। जिसके चलते उसकी अच्छी पहचान थी। किरण ने उसे जींद के गांव मांडी कलां के रहने वाले नरेश के बारे में बताया। किरण ने कहा कि नरेश बच्चों को नौकरी दिला देता है। वह बाहर विदेश में भी कई बच्चों को भेज चुका है। इसके बाद नरेश से उनकी जान पहचान हो गई। ओमपति का कहना है कि नरेश ने उसे कहा कि वह उनके बेटे को यूएसए भेज दूंगा।

यदि किसी बच्चे को डी ग्रुप या फिर क्लर्क की नौकरी चाहिए तो वो भी लगवा सकता है।

## परिवारों को राशन और सर्दी को देखते हुए कम्बल भी दिए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः तहसील कैंप के जट्ट** राम धर्मशाला में सकंट मोचन सेवा समिति द्वारा हर महीने की तरह इस महीने भी परिवारों को एक एक महीने का राशन और सर्दी को देखते हुए कम्बल भी दिए गए। एक महीने के राशन में आटा, चावल ,चीनी, तेल, साबुन, नमक, दाल, बिस्कुट और कंबल दिए गए।समिति के प्रधान अमित मदान ने बताया कि समिति पिछले 36 वर्षों से गरीबों को राशन,गरीब बेटियों की शादी में सहयोग,मेडिकल कैंप, ब्लड कैंप ओर भी कार्य कर रही है आज का राशन शहर के समाजसेवी मनहोर लाल शम्मी की पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वारा दिया गया है।समाज सेवी जीते जी लगातार दूसरों की मदद करते रहते थे और आज उनके परिवार ने भी पाने पिता की याद में नेक कार्य में सहयोग करके बहुत ही अच्छा काम किया है।

## गंगा हमारी मां है इसको स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य: संजय मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गंगा** समग्र के प्रांत संम्मेलन आयोजन के दोरान मुरथल आश्रम मे संजय मलिक को हरियाणा प्रांत का सह संयोजक घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रूप मे रामाशीष राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने संजय को दायित्व देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति को बचाने के लिये ऐसे युवाओं की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य मां गंगा के साथ अन्य जल स्त्रोतों को शुद्ध रखने का है जिसमे गंगा समग्र अपना दायित्व विशेष मानता है। कार्यक्रम मे



अतिथि रूप मे स्वामी दयानंद सरस्वती जी रहे व कार्यक्रम को मंच से ऊर्जा देने के लिये राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख प्रकाश नारायण रहे। मौके पर प्रांत संयोजक सतपाल शर्मा जी व राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख गिरिश चतुर्वेदी ने हरियाणा के जिला पदाधिकारियों की घोषणा भी की। अत मे हरियाणा प्रांत के सह संयोजक संजय मलिक ने प्रतिज्ञा दिलवाई कि हम जल को दूषित नहीं करेंगे और न ही करने देंगे।

## चारों साहेब जादों का शहीदी दिहाड़ा 27 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मानवता और** धर्म की रक्षा के लिए शहादत देने वाले अमर शहीद चारों साहेब जादों और माता गूजरी का शहीद दिहाड़ा 27 दिसंबर को करनाल के डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में मनाया जाएगा। इस अवसर पर रागी ढाडी जत्थे शहादत और कुबार्नी की गाथा से रूबरू कराएंगे। सिख पंथ के गुरुओं की शहादत का लंबा इतिहास रहा है। 21 से 28 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह मनाया जाता हैं। 27 को होने वाले शहीदी दिहाड़े का आयोजन डेरा कार सेवा गुरुद्वारा तथा गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया क्रिसमस

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक** स्कूल के प्रांगण में क्रिसमस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम में सुन्दर प्रस्तुतियाँ दिखाई । छात्रों ने बेहद उत्साह, जोश और उल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि आशु घई (सीईओ साइंस एंड फन) एईओ रविंद्र आंतिल, एईईओ प्रदीप कादियान, खेल अध्यक्ष (स्पोर्ट्स सेक्रेट्री) सुरेश कादियान, सीए कुणाल कथूरिया समाजसेवी विक्की कात्याल और एसएचओ कैलाश चंद, सीए कुनाल कथूरिया, सीए विक्की काटियाल, सीए गौरव सतीजा, सीए




नितिन गोयल, सीए विजय मित्तल, सीए अश्वनी कौशिक, समाजसेवी शिवलाल और समाजसेवी सुशील शर्मा, नितिन गोयल स्कूल चेयरमैन रमेश रेवड़ी और संगीता रेवड़ी, वाइस चेयरमैन जगदीश अरोड़ा और प्रियंका अरोड़ा के द्वारा बैलून छोड़कर की गई जो शांति, खुशी और उत्सव का प्रतीक है। मुख्य अतिथि आशु घई ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे अच्छी सुविधा देने वाला स्कूल है। इस कार्निवल में मौजूद हर खेल, हर गतिविधि और हर प्रस्तुति आपके अंदर नई कल्पनाओं और कौशलों को जगाने के लिए बनाई गई है। मैं आप सभी बच्चों से कहना चाहता हूँ कि हमेशा जिज्ञासु बने रहें, सवाल पूछें और नई चीजों को अपनाने के लिए तैयार रहें। आपके अंदर एक अद्भुत क्षमता है और यह दुनिया आपके सपनों का इंतजार कर रही है। एईओ रविंद्र आंतिल ने सितंबर में आयोजित बैडमिंटन और ताई कमांडो खेल गतिविधियों को सफलतापूर्वक आयोजित करने में स्कूल ने जो सहयोग प्रदान किया, उसकी सराहना की। उन्होंने कार्निवल में अपने संबोधन के दौरान कहा कि सरकार भी स्कूल की सहायता के लिए हमेशा तैयार है।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर रामानुजन को हृदय से किया गया याद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत ने विगत कई वर्षों की तरह इस बार भी भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिवस पर गणित दिवस को श्रद्धा और प्रेरणा भाव के साथ मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो दिनेश मदान ने कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों के छात्र-छात्राओं को रामानुजन के जीवन और गणित के विषय के महत्व और इसकी व्यावहारिक कार्यप्रणाली के माध्यम से विभिन्न सूत्रों को बड़े ही रुचिकर और सरल तरीके से सिखाया । इस

**प्रेरणा भाव**

**▶▶ हान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिवस पर गणित दिवस को श्रद्धा और प्रेरणा भाव के साथ मनाया गया**

अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश पुनिया, प्रो संजय चोपड़ा और डॉ एसके वर्मा ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को रामानुजन द्वारा गणित के क्षेत्र में किये गए योगदान और उन्हें गणित विषय चुनने एवं पढने के फायदे समझाए । सेमीनार में प्रो सुमन चौहान, प्रो रजनी, प्रो दिव्या और प्रो मुनीश ने भी शिरकत कर इस गणित विषय की रोचकता को जाना । विदित रहे कि भारत में गणित के क्षेत्र में पुराने समय से ही आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, महावीर, भास्कर इत्यादि जैसी महान हस्तियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है लेकिन रामानुजन ने अत्यधिक कम उम्र में स्पष्ट प्रतिभा के संकेत दिखाए । उनके फ्रैक्शन, इनफाइनाइट सीरिज, नंबर थ्योरी, मैथमेटिकल एनालिसिस आदि के बारे में किये गए उनके योगदान को लेकर गणित सैदेव उनका ऋणी रहेगा । प्रो दिनेश मदान विभागाध्यक्ष गणित विभाग चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी ने कहा कि शून्य और अनंत की गणितीय अवधारणा गणित को दर्शन से जोडती है । गणित दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में मानवता के विकास के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है । देश की युवा पीढ़ी के बीच गणित विषय को सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रेरित करने, उत्साहित करने और विकसित करने के लिए पहल आज के ही दिन की जाती हैं । उन्होनें कहा कि भारत प्राचीनकाल से गणित के क्षेत्र में अग्रणी देश रहा है तथा दशमलव प्रणाली तथा शून्य का आविष्कार यही हुआ है । रामानुजन भी ऐसे गणितज्ञ थे जिन्होंने 3900 से अधिक प्रमेयों, साध्यों का न केवल प्रवर्तन किया अपितु इन्हें विभिन पद्धतियों से हल करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया । अपनी अन्तर्दृष्टि से जो प्रमेय और सूत्र उन्होंने लिखे उनमे से अधिकार सत्य साबित हुए। डॉ अनुपम अरोड़ा ने वैदिक गणित विषय पर बोलते हुए कहा कि वैदिक गणित मे मौजूद सुत्रो की मदद से विभिन्न गणितीय क्रियाओ को आसान तरीके से कम वक़्त मे हल किया जाता है।

जो भी छात्र प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे है उन सबके लिये वैदिक गणित द्वारा प्रश्नो को हल करने से समय की काफी बचत हो जाती है । जो लोग शिक्षा पेशे से जुडे है और गणित विषय को सिखाते है उन सभी के लिये भी वैदिक गणित द्वारा छात्रो को पढाना एक अच्छा कदम साबित हो सकता है।

# भारतीय योग संस्थान ने सभी केन्द्रों पर करवाई ध्यान साधना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय** योग संस्थान (पंजीकृत) मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली द्वारा प्रथम अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस बड़ी श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाया गया । केवल भारतवर्ष ही नहीं, विदेशों में भी संस्थान के सभी निशुल्क योग साधना केन्द्रों पर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के प्रति पूरा उत्साह देखा गया । 21 दिसंबर को संस्थान के मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली में ध्यान का कार्यक्रम प्रातः 6:30 से 8:00 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में साधक



साधिकाओं, कार्यकताओं एवं अधिकारियों ने भाग लिया । दिल्ली से बाहर के केंद्रीय कार्यकारिणी व प्रांत कार्यकारिणी के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में जूम एप के माध्यम से जुड़ कर अपनी सहभागिता की । देश-विदेश के हजारों साधक साधिकाओं ने इस कार्यक्रम को संस्थान के यूट्यूब चैनल पर लाइव देखा जबकि हजारों की संख्या में ही साधक साधिकाओं ने इस कार्यक्रम का रिकॉर्ड किया।

# मुख्यमंत्री ने किया 188.07 करोड़ की 74 विकास परियोजनाओं का लोकर्पण और शिलान्यास

शिलान्यास

**इन विकास योजनाओं से देहरादून और आस-पास के क्षेत्रों में लोगों को काफी सुविधा होगी।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कनक चौक पर 188.07 करोड़ की कुल 74 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, जिसमें 111.22 करोड़ की लागत के 36 लोकर्पण कार्य और 76.85 करोड़ के 38 शिलान्यास के कार्य शामिल हैं।
इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, सिंचाई, बाढ़ सुरक्षा एवं नगर विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जिन योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। इन विकास योजनाओं से देहरादून और आस-पास के क्षेत्रों में लोगों को काफी सुविधा होगी। देहरादून शहर में भीड़-भाड़ वाले स्थानों के लिए लगभग 11 करोड़ की लागत से बनने वाली 2 ऑटोमेटेड पार्किंग और एक भूतल पार्किंग बनने से ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिलेगी व समय और संसाधनों की भी बचत होगी।

बाल-भिक्षावृत्ति निवारण प्रयासों के अंतर्गत आज से प्रारंभ किए जा रहे तीन रेस्क्यू एवं पुनर्वास वाहन शहर में भीख मांगने वाले बच्चों के पुनर्वास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। देहरादून जिलाधिकारी कार्यालय में पत्र प्रबंधन डेस्क शुरू होने से जिलाधिकारी कार्यालय में आने वाले पत्रों की ट्रैकिंग और प्रबंधन प्रक्रिया सुदृढ़ होगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से राज्य सरकार की ओर से उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत स्मार्ट टॉयलेट्स बनाने के साथ ही स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट की शुरूआत की गई है। स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करने के साथ ही लैंसडाउन चौक पर 650 पाठकों की क्षमता वाली अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है।
उन्होंने कहा कि शहर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। हरावाला में 300 बेड वाले कैंसर अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य संस्थान सेलाकुई का उच्चीकरण भी किया गया है।

# मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर अध्यापकों को किया सम्मानित

सम्मान

**मंडल अध्यक्ष वीरभद्र सुरेंद्र कुमार, अध्यापक राकेश भंडारी, प्रताप सिंह , रविंद्र आदि उपस्थित रहे**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय गणित दिवस पर क्षेत्रीय विधायक व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रविवार को तीर्थनगरी में गणित विषय के अध्यापकों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को याद किया गया।
रविवार को? बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्री अग्रवाल ने गणित विषय के अध्यापकों भाष्कर बिजल्वाण, संजीव चौधरी, श्रीमान सिंह चौहान, लखविंदर सिंह, पंकज जोशी, प्रवेश कुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को ही राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन, एक अनुकरणीय भारतीय गणितज्ञ थे।
इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष वीरभद्र सुरेंद्र कुमार, अध्यापक राकेश भंडारी, प्रताप सिंह राणा, रविंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों ने किया श्रीबदरीनाथ धाम के शीतकालीन पूजा स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की पहल से श्री नन्दा देवी संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय कमेड़ा (नन्दप्रयाग) के छात्र-छात्राओं ने अध्यापकों के साथ रविवार को श्री बदरीनाथ धाम के शीतकालीन पूजा स्थल श्रीयोग बदरी पांडुकेश्वर तथा श्रीनृसिंह मंदिर जोशीमठ सहित शीतकालीन स्कीइंग स्थल औली का शैक्षणिक भ्रमण किया।छात्र-छात्राओं के साथ प्राधानाचार्य, शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कार्मिक भी शीतकालीन पूजा स्थलों पर दर्शन को पहुंचे तथा श्रीयोग बदरी पांडुकेश्वर तथा श्रीनृसिंह मंदिर जोशीमठ तथा आदिगुरु शंकराचार्य गद्दी स्थल की महिमा तथा शीतकालीन यात्रा के महात्म्य को छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

# समर्थकों के साथ शालिनी सैनी ने मेयर पद के लिए ठोकी दावेदारी

सौंपा आवेदन

**शालिनी सैनी ने अपने समर्थकों के साथ महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग को अपना आवेदन पत्र सौंपा।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम के मेयर पद के लिए प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी की धर्मपत्नी शालिनी सैनी ने ढोल नगाड़ों, कांग्रेस कार्यकताओं और अपने समर्थकों के साथ महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग को अपना आवेदन पत्र सौंपा। इस अवसर पर शालिनी सैनी ने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी उन पर अपना विश्वास जताती है तो वह इस बार भी हरिद्वार नगर निगम की सीट हरिद्वार की जनता के सहयोग से कांग्रेस पार्टी की झोली में डालने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि वह धर्मनगरी, हरिद्वार पौराणिक और धार्मिक पहचान को बनाते हुए जनता की भावनाओं के अनुरूप हरिद्वार के विकास के लिए काम करेंगी। उन्होंने साफ कहा कि धामी सरकार को हरिद्वार की जनता, व्यापारी, होटल, रेडी पटरी और जनप्रतिनिधियों से बात करने और उन्हें विश्वास में लेने के बाद ही कॉरिडोर योजना पर आगे बढ़ना चाहिए।
उन्होंने भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कॉरिडोर योजना के लिए हरिद्वार के धार्मिक और पौराणिक स्वरूप से छेड़छाड़ की गई तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि वह हरिद्वार को साफ स्वच्छ बनाने के साथ साथ हरिद्वार वासियों को बिजली और साफ पानी हरिद्वार की साफ सफाई देने के लिए कृत संकल्प हैं।
शालिनी सैनी के साथ समर्थ अग्रवाल, सरिता शर्मा, शिखा शर्मा, बीना जाटव, प्राची सैनी, कमलेश भारद्वाज, दीपिका गुप्ता, माया देवी, श्रीमती रीना देवी, अनिता सिंह ने ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा के नेतृत्व में महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग को अपना आवेदन पत्र सौंपा।
इस अवसर पर महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष संतोष चौहान, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर, ग्रामीण जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अंजू द्विवेदी, अमन गौड़, सुंदर सिंह मनवाल, शशि झा, नलिनी दीक्षित, नीलम सैनी, मंजू गोयल, सुनीता चौहान, वेद रानी, पार्वती नेगी, नहार सिंह यादव सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दून पुस्तकालय में बच्चों ने बुनीं रचनात्मकता की रंगोली

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
इस सप्ताहांत, दून पुस्तकालय एक रंगीन उत्सव का केंद्र बन गया। शनिवार को आयोजित क्रिसमस शिल्प कार्यशाला और रविवार को कहानी वाचन व लेखन सत्र ने बच्चों की कल्पनाशीलता को नई उड़ान दी। रंगीन कागजों और चमकदार सजावट से सजे पुस्तकालय में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का जादू बिखेरा। उन्होंने खूबसूरत क्रिसमस कार्ड और सजावट बनाई।
रविवार को, अमेरिका से आई कहानीकार उपासना काकरू ने अपनी मनमोहक कहानियों से बच्चों को एक नए संसार में ले गई। लगभग 100 बच्चों ने सांसें थामकर इन कहानियों को सुना और अपनी कल्पनाओं की दुनिया में खो गए। इतना ही नहीं, आसरा ट्रस्ट और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को शब्दों में पिरोते हुए विभिन्न विषयों पर कहानियां लिखीं। इन कहानियों में प्रकृति, दोस्ती, सपने आदि जैसे विषय प्रमुख रहे। सर्वश्रेष्ठ कहानी को उपासना की पत्रिका "बेंटो" में प्रकाशित किया जाएगा।
दून पुस्तकालय के बाल अनुभाग की प्रभारी मेघा ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए केवल मनोरंजन का नहीं, बल्कि उनकी कल्पनाओं और अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने का माध्यम है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा यहां आकर कुछ नया सीखे और अपने सपनों को आकार दे।
क्रिसमस शिल्प कार्यशाला में दीपाक्षी गुसाईं, कल्पना बहुगुणा और जोहरा निजामी जैसी कुशल कलाकारों ने 30 से अधिक बच्चों को सिखाया कि कैसे साधारण चीजों को अपनी कल्पना के पंखों से सुंदर क्रिसमस काड्र्स और सजावट में बदला जा सकता है। बच्चों की रचनात्मकता ने ऐसा जादू बिखेरा कि हर कोई उनकी कृतियों की तारीफ करता नजर आया।
कार्यक्रम में बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने भी इन आयोजनों की सराहना की और पुस्तकालय के इस प्रयास को बच्चों की छुट्टियों को खास बनाने वाला कदम बताया।

### प्रशिक्षित कर युवाओं को शिक्षा, रोजगार से जोड़ रहा न्यूरो थेरेपी अनुसंधान प्रशिक्षण संगठन

**हरिद्वार**
विगत 25 वर्षों से न्यूरोथेरेपी के क्षेत्र में काम कर रहा लाजपत मेहरा न्यूरो थेरेपी अनुसंधान प्रशिक्षण संगठन ने अपनी उपलब्धियों को रखा इस दौरान संगठन की ओर से आगामी कार्यक्रम पर चर्चा भी की।
वर्तमान में संगठन की ओर से भारतीय वैदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए 1000 से अधिक केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा।
प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारा यह संगठन अल्टरनेटिव थेरेपी और वैदिक चिकित्सा के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से अपना अतुलनीय योगदान देता आ रहा है। आज 18 राज्यों के कई शहरों में संस्था के सेंटर स्थापित है जिनमें न्यूरोथेरेपी के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों को बैचलर और मास्टर डिग्री कोर्सेज कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है बल्कि संस्थान में आने वाले आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों को योग्यता के आधार पर बिना किसी बाहरी मदद के छात्रवृत्ति भी उपलब्ध करा रहा है।
संस्था के अजय गांधी (प्रेसिडेंट, एकेडमिक अफेयर्स) ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की ओर से आगामी 24-26 जनवरी को हरिद्वार के जम्मू यात्री भवन में सिल्वर जुबली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें ऑर्थोपेडिक डिसऑर्डर पर विशेषज्ञों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह आयोजन नई पीढ़ी के चिकित्सकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।
प्रेस वार्ता में रामगोपाल परिहार (संगठन प्रधान) ने बताया कि हमारा उद्देश्य वैदिक चिकित्सा और न्यूरोथेरेपी को वैज्ञानिक तरीके से स्थापित करना और इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों और चिकित्सा संस्थानों से जुड़े विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे,जो इसे और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे।
संगठन मंत्री पुष्पक श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन शिक्षा, रोजगार और शोध के क्षेत्र में निरंतर योगदान कर रहा है। हमारा लक्ष्य युवाओं को स्वरोजगार और वैकल्पिक चिकित्सा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। इस कार्यक्रम से देशभर में वैदिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार को नई दिशा मिलेगी।

## रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में मनाई गई मां शारदा की 172वीं जयंती



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रामकृष्ण परमहंस की अर्धांगिनी मां शारदा देवी की172वीं जयंती रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम कनखल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी दयामूत्यानंद महाराज ने कहा कि मां शारदा एक अलौकिक और दिव्य शक्ति के रूप में अवतरित हुई जिन्होंने अपनी दिव्य शक्ति से लोगों को भवसागर से पार लगाया।
उन्होंने कहा कि मां कहती थी कि छोटी सोच मत रखो। भगवान से भौतिक वस्तुएं जैसे लौकी और कद्दू के लिए प्रार्थना न करें बल्कि ईश्वर से अपने दिल से शुद्ध प्रेम और शुद्ध ज्ञान के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। स्वामी ने कहा कि आज बरसों बाद भी जब उनके समय जैसी परिस्थितियां अपने आसपास पाते हैं तो उनके विचार याद आते हैं।
उन्होंने कहा कि मां शारदा रामकृष्ण परमहंस की पत्नी और आध्यात्मिक सहयात्री थीं, बल्कि वे उस वक्त की सामाजिक उन्नति और मानवीय चेतना के विकास की अग्रदूत भी थीं। रामकृष्ण मठ के अनुयायी उन्हें श्री मां संबोधित करते हैं।
स्वामी घनश्याम आनंद ने मां शारदा की जीवनी और शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां ने कभी भी प्राणी मात्र में भेद नहीं किया, फिर चाहे स्वामी विवेकानंद जैसा प्रखर आध्यात्मिक पुरूष हो या डाकू हो या कोई चींटी, श्री मां ने सभी को समान स्नेह और ममता प्रदान की। स्वयं अशिक्षित होने के बावजूद मां शारदा ने महिलाओं के लिए शिक्षा की जमकर पैरवी की।
उन्होंने कहा कि मां शारदा ने कहा था कि ह्ययदि आप मन की शांति चाहते हैं, तो दूसरों में दोष न ढूंढें. बल्कि अपने दोष देखें, पूरी दुनिया को अपना बनाना सीखो, कोई भी पराया नहीं है,पूरी दुनिया तुम्हारी अपनी है ह्व
स्वामी जी ने कहा कि उनका जन्म कलकत्ता के पास एक छोटे से गांव जयरामबाटी में 22 दिसंबर 1853 को हुआ था। उस समय की परंपरा के अनुसार पांच साल की उम्र में उनकी शादी रामकृष्ण से हो गई थी। जब वे अठारह वर्ष की हुईं, तब हुगली नदी के किनारे स्थित रामकृष्ण परमहंस की कर्मभूमि दक्षिणेश्वर काली मंदिर पहुंची और यह स्थान भी उनकी कर्मभूमि बन गया है।


## पीकबू स्कूल के बच्चों ने दिखाए भारत के त्योहारों के सभी रंग

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पीकबू स्कूल के वार्षिकोत्सव (फाउंडर्स डे) पर बच्चों ने भारत के विभिन्न त्योहारों की झलक प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर होली, दीपावली, बिहू, लोहड़ी सहित अन्य त्योहारों का महत्व बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से दशार्या। मुख्य अतिथि डॉ. अपूर्व जैन, डॉ. प्राची कंडवाल और डॉ. चंदन सिंह घुघुतियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्कूल के प्रबंधक प्रयास सुनेजा ने सभी अतिथियों का बुके और मोमेंटो देकर स्वागत किया। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए पीकबू स्कूल की प्रबंधन टीम को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूलता मिला युवक का शव, दो दिन बाद होनी थी सगाई

आत्महत्या

**परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला लक्सर क्षेत्र का है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला लक्सर कोतवाली क्षेत्र का है।
दरअसल, लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोगपुर स्थित श्रीबालाजी स्टोन क्रेशर में जॉनी (22) पुत्र धीर सिंह निवासी पंडितपुरी लक्सर मुंशी के पद पर कार्य करता था। जॉनी रात-दिन स्टोन क्रेशर पर ही रहता था। पुलिस के अनुसार बीती देर रात जॉनी का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने स्टोन क्रेशर की सीसीटीवी की डीवीआर अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि जॉनी की हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच कर में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि दो दिन बाद मृतक की सगाई होनी थी। जॉनी की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# मिसाल : साहिबजादों की याद में गुरुद्वारों में शहीदी सप्ताह



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिक्ख समाज के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादे, माता गुजर कौर और समूह शहीदों को समर्पित सफर-ए-शहादत पंचपुरी के समस्त गुरुद्वारों में मनाया जा रहा है।
निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे के परमाध्यक्ष संत जगजीत सिंह शास्त्री ने बताया कि 21 से 28 दिसंबर तक चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह माता गुजर कौर के साथ समूह शहीदों की याद में शहीदी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुद्वारों में रोजाना श्रीसुखमणि साहिब पाठ और इतिहास कथा सुनाकर संगत को निहाल किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि यह सप्ताह सिक्खों के लिए बहुत पवित्र सप्ताह होता है। दशम पिता गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने युवा काल में ही देश और कौम के लिए अपना बलिदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऋषिकेश स्थित हेमकुंट साहिब गुरुद्वारे में शनिवार देर रात तक शबद-कीर्तन, कथा का श्रवण संगत ने किया, जिसमें हरिद्वार से भी सैकड़ों की संख्या में संगत शामिल हुई। उन्होंने कहा कि इसके बाद गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव आ रहा है जिसकी तैयारी की जा रही है। प्रतिवर्ष की भांति प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।
इस अवसर पर संत बलजिंदर सिंह शास्त्री, संत तरलोचन सिंह, संत मंजीत सिंह, सरबजीत कौर, हरजीत सिंह, इंदरजीत सिंह बिट्टू, हरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, हपिंदर सिंह, अमरजीत सिंह, सुमन शर्मा, बादल, अंकुर, हरमन आदि उपस्थित थे।

# पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार 'क्वीन ऑफ हिल्स'

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नए साल का जश्न मनाने के लिए पहाड़ों की रानी मसूरी पर्यटकों का स्वागत करने को पूरी तरह तैयार है। होटल, कैफे और पर्यटन स्थल रोशनी और सजावट से जगमगा रहे हैं। जिला प्रशासन, स्थानीय व्यापारी और होटल व्यवसायी पर्यटकों को एक यादगार अनुभव देने के लिए विशेष इंतजाम कर रहे हैं।
मसूरी इस बार भी अपने मेहमानों के लिए खास यादें लेकर तैयार है। नए साल के इस खास मौके पर यहां का हर कोना उत्साह और उमंग से भरा नजर आएगा।
जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि मसूरी में नए साल के जश्न को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों से अनुरोध है कि यातायात और स्वच्छता के नियमों का पालन करें।
पर्यटकों का बढ़ता उत्साह मसूरी में हर साल नए साल के मौके पर हजारों पर्यटक आते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग बर्फबारी का आनंद लेने और नए साल का जश्न मनाने की उम्मीद में मसूरी का रुख कर रहे हैं। होटल और गेस्ट हाउस लगभग पूरी तरह से बुक हो चुके हैं। कैम्पटी फॉल, गन हिल और माल रोड जैसे लोकप्रिय स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है।
सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध जिला प्रशासन ने पर्यटकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल और होमगार्ड की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। माल रोड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में वाहन पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की है कि वे वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें और शहर की स्वच्छता बनाए रखें।
होटल और रेस्तरां की तैयारियांमसूरी के होटल और रेस्तरां ने पर्यटकों को लुभाने के लिए विशेष ऑफर और कार्यक्रम तैयार किए हैं। कई होटलों में नए साल की रात लाइव म्यूजिक और थीम पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। कैफे और रेस्तरां में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजन और कॉन्टिनेंटल डिशेस का खास इंतजाम किया गया है।
बर्फबारी का इंतजारपर्यटक इस समय मसूरी में संभावित बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, नए साल के आसपास हल्की बर्फबारी हो सकती है, जिससे जश्न का मजा दोगुना होने की संभावना है।




# शैक्षिक विस्तार परिषद में यात्रा और पर्यावरण पर चर्चा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय में प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित शैक्षिक विस्तार परिषद की बैठक में नन्दा देवी राज जात यात्रा को शिक्षा और प्रबंधन से जोड़ने पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान उद्योग जगत के विशेषज्ञ, सलाहकार और शिक्षाविदों ने भाग लिया।
बैठक में नन्दा देवी राज जात यात्रा के अलावा प्रयागराज महाकुंभ-2025, एनआरआई के लिए उत्तराखंड शैक्षिक यात्रा और ई-कचरे जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। शैक्षिक विस्तार परिषद के सदस्य और ग्राफिक एरा के सेण्टर फॉर रिजनल स्टडीज के प्रमुख डॉ. गिरीश लखेड़ा ने नन्दा देवी राज जात यात्रा और इससे जुड़ी परंपराओं को दस्तावेजी रूप में संरक्षित करने के महत्व पर बल दिया। जी-बिजनेस के सीनियर एंकर दीपक डोभाल ने उत्तराखंड के लोकगीतों और जागर को डिजिटल रूप में प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। ईको ग्रुप ऑफ सोसायटी के आशीष गर्ग ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे को रोकने के लिए पुराने गैजेट्स को रिसाइकिल करने पर जोर दिया।



# अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के दूसरे दिन वर्तमान शोध और भविष्य के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सांख्यिकी विभाग द्वारा इनोवेटिव ट्रेड इन स्टैटिसटिक्स, ऑप्टिमाइजेशन एंड डाटा साइंस विषय पर सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित तथा केयूके, एनबीएचएम, एएनआरएफ (भारत सरकार), आरबीआई, डीआरडीओ, डीआईएचई (हरियाणा) और आईएआरएस द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के दूसरे दिन विभिन्न वक्ताओं द्वारा प्रेरणादायक वाताओं में वर्तमान शोध और



भविष्य के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला गया। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के निदेशक व सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुकेन्द्र कादियान व आयोजन सचिव डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने बताया कि यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक मंच के रूप में उभरा है, जिसमें वैश्विक स्तर के शिक्षाविद, शोधकर्ता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ सांख्यिकी, अनुकूलन और डेटा विज्ञान के अंतःविषय क्षेत्रों में नवीनतम प्रगतियों, रुझानों और चुनौतियों पर चर्चा कर रहे हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सांख्यिकी और परिचालन अनुसंधान विभाग को गर्व है कि वह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आधुनिक प्रवृत्तियाँ सांख्यिकी, अनुकूलन और डेटा विज्ञान में (आई-आई टीएस ओडीएस-2024) का आयोजन 21-23 दिसंबर, 2024 को कर रहा है। यह सम्मेलन भारतीय प्रायिकता और सांख्यिकी समाज (आईएसपीएस) के 44वें वार्षिक अधिवेशन और भारतीय विश्वसनीयता और सांख्यिकी संघ (आईएआरएस) के 8वें अधिवेशन के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

आईएआरएस व आईएसपीएस के अध्यक्ष प्रो. एससी मलिक ने कहा कि यह आयोजन कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, विश्वसनीयता मॉडलिंग, और आंकड़ों की गणना जैसे क्षेत्रों में सैद्धांतिक विकास और व्यावहारिक अनुप्रयोगों को जोड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है। कांफ्रेंस के दूसरे दिन यूएई के प्रो. रामकृष्णन रमणाथन ने डेटा विज्ञान और एआई के माध्यम से खाद्य अपव्यय को कम करने के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत किए। प्रो. राज श्रीनिवासन (कनाडा) ने नेटवर्क पर महामारी मॉडलिंग पर चर्चा की। प्रो. निलेश कुमार (दक्षिण कोरिया) हाई-डाइमेंशनल डेटा के लिए नेस्टेड ऑर्थोगोनल लैटिन हाइपरक्यूब डिजाइंस पर अपनी अंतर्दृष्टि सांझा की।

# अवैध देसी पिस्तौल व 5 जिंदा रौंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन ) एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस** टीम ने सेक्टर 13/17 में हेलीपेड के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल व 5 जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ मारपीट, चोरी, जानलेवा हमला करने व आर्म्स एक्ट की वारदातों के पानीपत के विभिन्न थाना में 6 मामले व करनाल में रंगदारी की वारदात का एक मामला दर्ज है। एंटी व्हीकल थेप्ट प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों सहित अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के



लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत शनिवार को एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर 13/17 में हेलीपेड के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को इसी दौरान बरसत रोड की और से एक संद्दिग्ध किस्म का युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान पिंकू पाल पुत्र कृष्ण पाल निवासी इंद्रा विहार कॉलोनी नूरवाला के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उसकी पहनी हुई लोअर की जेब से एक देसी पिस्तौल व 4 जिंदा रौंद बरामद हुए। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो लोडेड मिला जिसको अनलोड कर एक जिंदा रौंद निकाला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका।

**आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड**

प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि पूछताछ में आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### सुनील प्रजापति पहुंचे केंद्रीय कानून मंत्री के घर

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पानीपत** ग्रामीण हल्के की जसबीर कालोनी निवासी भाजपा युवा नेता सुनील प्रजापति अपने मित्र बिकानेर के तहसीलदार दानाराम



मेघवाल के साथ केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल की अनुपस्थिति में उनके जीजा विजय कुमार मेघवाल से उनके निवास पर मिले तथा विस्तार पूर्वक राजनैतिक व सामाजिक चर्चा की। इस अवसर पर सुनील प्रजापत, महीपाल प्रजापत, सोनू प्रजापत, नीटू प्रजापत, ओमकार प्रजापत, कारी मुस्तकीम अली, शोकत अली, रमजान अली, खलील अली व जितेन्द्र कश्यप आदि प्रमुख रूप से उनके साथ उपस्थित रहे।

### बस परिसर में भरा ड्रेन का दूषित पानी, दैनिक यात्रियों व कर्मचारियों को उठानी पड़ी परेशानी

**सोनीपतः** शहर स्थित बस स्टैंड परिसर में सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर घुस गया। जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों व यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। परिसर में पहले भी मंगलवार को भी सीवर ओवरफ्लो होने से यही हालात पैदा हुए थे। शनिवार को भी सीवर का पानी भरने से बस अड्डा तालाब बना रहा। रोडवेज अधिकारियों ने पानी निकासी के लिए नगर निगम अधिकारियों से संपर्क किया है, साथ ही समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। बता दें कि बस अड्डा के निकासी द्वार के सामने मुरथल रोड पर सीवर ओवरफ्लो हो गया। बस अड्डा परिसर का तल सड़क के स्तर से नीचे होने के कारण सीवर का दूषित पानी बस अड्डा परिसर व वर्कशॉप में भर गया। जिससे यात्रियों को आने जाने में परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं अधिकारी व कर्मचारी भी दिन भर परेशान रहे। रोडवेज अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए नगर निगम अधिकारियों से संपर्क किया और ओवरफ्लो सीवर को ठीक करने की मांग की। वहीं मुरथल रोड पर सीवर के ओवरफ्लो होने से बस अड्डा परिसर में भरे पानी की रोडवेज अधिकारियों ने नगर निगम अधिकारियों को शिकायत दी। जिसके बाद सीवरेज लाइन को पीछे से बंद करवाया गया। बाद में नगर निगम कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच जाम सीवर को खोलने का काम शुरू किया।

### हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः क्राइम यूनिट कुंडली थाना** सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडेक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित पारस निवासी जसराना सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी सौरभ ने 9 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका बस स्टैंड के पास ललित उर्फ नोनू तारा नगर, बादल, आकाश निवासी कोर्ट मोहल्ला व विशाल चोपड़ा से हुआ था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। उसके बाद करीब नौ बजे गाड़ी में अपने दोस्त संजय के साथ शादी समारोह में आया था। जहां उसे पारस मिला। गाड़ी को गली की तरफ मोड़ लिया।

### आरोपितों के पास से चोरी की सिगरेट बरामद, अदालत ने आरोपितों को जेल भेजा

**सोनीपतः राई थाना सोनीपत पुलिस** ने सिगरेट चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित चंद्रभूषण निवासी उत्तर प्रदेश व हरिओम निवासी हाथरस उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। दयालपुर दिल्ली निवासी परमेंद्र ने गत 20 सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह आईटीसी कंपनी में बतौर मैनेजर के पद पर तैनात है। उनके कर्मचारी ने गांव जाखौली में एक दुकान पर ट्रक चालक को चोरी की सिगरेट बेचते हुए पाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उक्त सिगरेट को लेबर का काम करने वाले चंद्र भूषण ने चोरी करके दी है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर संपन्न हुई क्विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :अतिरिक्त** पुलिस महानिदेशक यातायात एवं हाईवे हरियाणा करनाल के दिशा-निदेर्शों के अनुसार जिला में यातायात को लेकर जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता पुलिस लाईन के सभागार में करवाई गई। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला के मार्ग-दर्शन में हुई इस प्रतोयोगिता में जिला के 6 खण्डों के 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में अभिभावकों और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मकसद आमजन विशेष रूप से विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि




प्रतिस्पर्धा के माध्यम से बच्चे जल्दी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि हमें सडक दुर्घटनाओं को कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों को हमें अपने जीवन में उतारना होगा। यदि बच्चे जागरूक होंगे तो वो अपने अभिभावक सहित समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें यातायात नियमों की पालना जागरूकता के साथ करनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। जिला स्तर पर हर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को मण्डल स्तर प्रतियोगिता में भेजा जाएगा।

**लेवल-1 में शाहबाद, लेवल-2 में लाडवा तथा लेवल-3 व 4 में पेहवा खण्ड ने मारी बाजी**

जानकारी देते हुए यातायात समन्वक वीरेंद्र विक्रम ने बताया कि पुलिस लाइन के सभागार में जिला स्तरीय प्रश्नोतरी परीक्षा शिक्षा विभाग के सहयोग से करवाई गई। इस परीक्षा में लेवल-1 (कक्षा 3 से 5) में शाहबाद खण्ड प्रथम, बाबैन खण्ड दूसरे तथा लाडवा खंड तीसरे स्थान पर रहा। लेवल-2 (कक्षा 6 से 8) में खण्ड लाडवा प्रथम, बाबैन दूसरे तथा थानेसर खण्ड तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार लेवल-3 (कक्षा 9 से 12) में पेहवा खण्ड प्रथम, लाडवा दूसरे तथा थानेसर खण्ड तीसरे स्थान रहा।

# विश्व मानव रूहानी केंद्र द्वारा निशुल्क चिकित्सा निरीक्षण शिविर लगाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

निशुल्क चिकित्सा निरीक्षण शिविर

विश्व मानव रूहानी केन्द्र पंजीकृत एक परोपकारी एवं अध्यात्मिक संस्था है। यह संस्था संत बलजीत सिंह जी द्वारा सिखाए गए नैतिक जीवन, अध्यात्मिकता और ध्यानाभ्यास पर आधारित कार्यक्रमों और जन कल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के समाज सेवी कार्यों का आयोजन करती है। इसी संदर्भ में रविवार को विश्व मानव रुहानी केन्द्र शाखा समालखा के द्वारा रविदास मंदिर गॉव मनाना जिला पानीपत में निःशुल्क चिकित्सा निरिक्षण शिविर लगाया गया।

# समालखा के वैश्य गर्ल्स कॉलेज में हुआ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**शनिवार देर रात** समालखा के वैश्य गर्ल्स कॉलेज में श्याम बाबा सेवा मंडल की ओर से आयोजित सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ राकेश सिन्हा ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि सनातन धर्म सर्वोपरि है, शाश्वत और सदा बना रहने वाला है।सनातन धर्म को हिन्दू धर्म या वैदिक धर्म के नाम से भी जाना जाता है। डॉ राकेश सिन्हा ने कहा कि सनातन धर्म को दुनिया का सबसे प्राचीनतम धर्म माना जाता है। सनातन धर्म में जो कुछ भी बताया गया है, वह इंसान के समझ या बुद्धि के अनुकूल है। सनातन धर्म, परम कल्याण की बात करता है।सनातन धर्म में, कर्म, विचार, भाव सबके हित, सबकी भलाई, प्रेम भरे हों, वे इस धर्म के अनुकूल हैं। सनातन धर्म में, यज्ञ, साधना, तप और ध्यान को प्राथमिकता दी जाती है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम सब सनातन के लिए इकट्ठा हो और इसे आगे बढ़ने पर बल दें।

कार्यक्रम में आगरा से विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे डॉ अंबेडकर विश्वविद्यालय के पूर्व सहायक प्रोफेसर एवं रामायण रिसर्च काउंसिल उत्तर प्रदेश के समन्वयक डॉ दिवाकर ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति, अपनी गहरी परंपराओं, विशिष्ट पहचान, और कड़ी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है। यहां की संस्कृति में लोक कला, कृषि, और त्योहारों से जुड़ी समृद्ध धरोहर है। हरियाणवी संस्कृति में स्वाभिमान, मेहनत, और एकता की भावना है।

# डॉ अशोक साइकिल पर गाँव-गाँव दे रहे नशा मुक्ति सन्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी नियुक्त क्या है। वे इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव गांव जा रहे हैं। हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशा मुक्त अभियान की ज्योति को प्रज्ज्वलित कर-




के वे कुरुक्षेत्र में पहुंचे हुए थे। आज कुरुक्षेत्र में वे साइकिल लेकर निकल पड़े और विभिन्न सेक्टरों से होते हुए पिपली पहुंचे। विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया। उनकी साइकिल पर एक प्लेट लगी है जिस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 अंकित हैं। उनके साइकिल की प्लेट पर यह भी लिखा है- नशा मुक्त हरियाणा जहां दूध दही का खाना।

# कैंटर चालक से मारपीट और लूटपाट

**सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र** के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बदमाशों का आतंक देखने को मिला। बदमाशों ने कैंटर चालक से मारपीट कर तीन हजार रुपये की राशि व कैंटर से लाखों रुपये कीमत का प्रफयूम चोरी कर लिया। घायल चालक को कैंटर मालिक अस्पताल में लेकर पहुंचा। जहां उसने अपना उपचार करवाया। चालक ने चार बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है। गांव कासन निवासी राकेश ने बताया कि उसके पास कैंटर है। उसके कैंटर को भानु प्रताप नाम का युवक चलता है।

# थार को टक्कर मारकर बिजली के खंभे से टकराई कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर-12** में बीती आधी रात एक ब्लैक वर्ना गाड़ी लाल रंग की थार को टक्कर मारकर ट्रांसफॉर्मर के एच पोल से जा टकराई। ट्रांसफॉर्मर जमीन पर आ गिरा। हादसे में एक लाल रंग की थार कार भी दुर्घटनाग्रस्त हुई है, जिसमें गाड़ी के टायर फट गए और आगे वाले व्हील का एक्सल टूट गया। गनीमत रही कि थार में सवार परिवार बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शी ई-रिक्शा चालक ने बताया कि वर्ना गाड़ी बहुत ही ज्यादा तेज रफ्तार में थी। पहले उसने थार गाड़ी को टक्कर मारी और उसके बाद बिजली के खंभे में जा टकराई। थार गाड़ी में दंपति



व उनका छह माह का बच्चा था। थार गाड़ी जिला सचिवालय की तरफ मुड? वाली थी। खंभे में टकराने के बाद वर्ना गाड़ी का चालक नीचे उतरा और बोला- क्या हो गया अगर टक्कर हो गई तो? इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भयानक थी कि गाड़ी के पार्ट दूर-दूर तक बिखर गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस वक्त खंभे को टक्कर मारी, उस समय बिजली की तारों में करंट दौड़ रहा था। गनीमत रही कि ट्रांसफॉर्मर या फिर बिजली की तार गाड़ी पर नहीं गिरी, अन्यथा करंट लगने से बड़ा हादसा हो सकता था और कार चालक की मौत हो सकती थी। लोगों का कहना है कि सडक पर स्पीड ब्रेकर होने चाहिएं, ताकि रफ्तार पर लगाम लग सके। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बिजली महकमें को सूचित किया और बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बिजली के कनेक्शन काटे।

सिविल लाइन थाना के एसएचओ विष्णु मित्र ने बताया कि वर्ना गाड़ी बिजली के खंभे से टकराई है और ट्रांसफॉर्मर नीचे गिरा है। हादसे में वर्ना गाड़ी के एयर बैग्स खुल चुके हैं। थार गाड़ी वाले मौके से चले गए है। थार कार सवार की तरफ से एक शिकायत आई है। शिकायत के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# हर बूथ पर कम से कम तीन सक्रिय सदस्य बनाने हैं: ईश कुमार राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**भाजपा का सदस्यता पर्व** पूरी गति से चल रहा है। अभी तक पार्टी केवल प्राथमिक सदस्य बना रही थी परन्तु पार्टी ने अब सक्रीय सदस्य भी बनाने आरंभ कर दिए है।इसी कड़ी में माडल टाउन मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश कुमार राणा को उनके निवास स्थान पर जाकर सक्रिय सदस्य बनाया।उन्होंने विधिवत रूप से फार्म भरा तथा ईश कुमार राणा की अपेक्षित जानकारियां फार्म में भरी। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवम् प्रदेश प्रेस पैनलिस्ट देवेन्द्र दत्ता,जिला महामंत्री महिला मोर्चा सोनिया गाबा,मंडल महामंत्री सुरेन्द्र गाबा, जिला मीडिया सह प्रभारी किसान मोर्चा पंडित पंकज शर्मा, युवा मोर्चा जिला सचिव नवीन वशिष्ठ ,मंडल मीडिया सह प्रभारी अशोक कालड़ा , आदेश भारद्वाज मौजूद रहे। सक्रिय सदस्य बनने के बाद ईश कुमार राणा ने कहां की सक्रीय सदस्य बनने के लिए कम से कम पचास प्राथमिक सदस्य बनाने आवश्यक है। ईश कुमार राणा ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है जो इन सभी कार्यकर्ता से बना है।उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता अपनी मेहनत तथा प्रतिभा के बल पर उच्चतम पद भी प्राप्त कर सकते है। बाकी के दलों में परिवारवाद हावी है।

# नशा तस्करी के 29 आरोपियों को कारावास व जुर्माना राशि की सजा हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस के निदेर्शानुसार जिला पानीपत पुलिस नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाए हुए है। इसके साथ ही माननीय न्यायालय में जिला न्यायावादी के सहयोग से मजबूत पैरवी कर नशा तस्करी के आरोपियों को सजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 2024 में नशा तस्करी के 25 मामलों में 29 आरोपियों को कारावास व जुमार्ना राशि की सजा हुई। माननीय न्यायालय द्वारा इनमें 1 आरोपी को 15 साल की सजा के साथ 1.50 लाख रूपए जुमार्ना, 6 आरोपियों को 10-10 साल सजा व 1-1 लाख रूपए जुमार्ना, 1 आरोपी को 7 साल सजा व 50 हजार रूपए जुमार्ना, 3 आरोपियों को 5-5 साल सजा के साथ इनमे 2 आरोपियों को 50 हजार रूपए व 1 आरोपी को 10 हजार रूपए जुमार्ना, 1 आरोपी को 4 साल सजा व 40 हजार रूपए जुमार्ना, 3 आरोपियों को 3-3 साल सजा व 25 से 30 हजार रूपए जुमार्ना, 4 आरोपियों को 2-2 साल सजा व 20-20 हजार रूपए जुमार्ना, 2 आरोपियों को अंडरगोन सजा, 1 आरोपी को 5 हजार रूपए जुमार्ना लगाया गया



है।

**197 नशा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

जिला पुलिस द्वारा इसके साथ ही वर्ष 2024 में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 111 अभियोग दर्ज कर 197 नशा तस्करों को लाखों रुपए कीमत के मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। जिनसे 342 किलो 90 ग्राम गांजा, 18 किलो 532 ग्राम चरस, 12 किलो 35 ग्राम अफीम, 57 किलो 870 ग्राम पोपी हस्क, 204 ग्राम स्मैक, 80 ग्राम हेरोइन, 102 ग्राम अफीम के पौधे व नशीले प्रतिबंधित 5964 इंजेक्शन बरामद किए गए।

**नशे के खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर अहम योगदान देना होगा**

पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसलिए नशे के खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर नशा मुक्त समाज की मुहिम में अपना अहम योगदान देना होगा। ताकि नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना की जा सके। नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों को काबू कर नशा तस्करी की चेन को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

आमजन से अपील की जा रही है कि उनके आस पास कोई भी व्यक्ति नशा बेचता है या नशे का सेवन करता है तो उसकी सूचना जिला पुलिस को दे। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# निःशुल्क मेडिकल कैम्प से समाज को मिलती है सेवा की प्रेरणाः प्रमोद विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**मराठा स्कूल शाष्त्री** कालोनी में फ्री मेडिकल कैम्प में दीप प्रज्जवलित करते हुए शहर विधायक प्रमोद विज ने फ्री मेडिकल कैम्प के आयोजकों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थय सम्बन्धी सेवा का विस्तार किया जाना बहुत आवश्यक है। इस प्रकार की सेवा से जंहा निर्धन समाज को आर्थिक दुश्वारियों से निजात दिलाई जा सकती है बल्कि यह समाज को जोडने का भी एक कारक है। उन्होने कहा कि सेवा कार्यों में



सनातन समाज सदैव से अग्रणीय भूमिका निभाता आया है। इस अवसर पर डाकौत ब्राह्मण समाज व मराठा एजूकेशन सोसाईटी की ओर से विधायक प्रमोद विज का पगडी व सरोपा भेंट कर अभिनन्दन किया गया ।

चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डाक्टर जगजीत आहुजा ने कहा कि कैम्प में फिजिशियन डा. संदीप ने फ्री चैकअप कर मुफ्त दवाईयां वितरित की इसके अलावा फ्री चश्मे व ब्लड टैस्ट भी फ्री किये गये ।




# विधायक की उपेक्षा का शिकार हुआ वेस्ट कमल विहार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 स्थित वेस्ट कमल विहार आप विधायक संजीव झा व आप पार्षद रूबी रावत की उपेक्षा का शिकार है। अब इसे वेस्ट कमल विहार कहे या वैस्ट कमल विहार कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि पार्षद और विधायक ने यहां के लोगों को वैस्ट ही बना रखा है।

**लोगों में विधायक संजीव झा व पार्षद के खिलाफ रोषः** भगवान देवी (स्थानीय निवासी) ने कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था लचर पड़ी हुई है, नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर घरों में घुसता है, जिसकी वजह से गंदगी तो फैल ही रही है, इसके साथ ही जानलेवा बीमारी फैलने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने आप विधायक संजीव झा और आप निगम पार्षद रूबी रावत पर नज़रअंदाज करने का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी आरती ने बताया कि नालियां चौक पड़ी हुई है, निगम पार्षद के पास शिकायत लेकर जाओं तो पार्षद झूठा आश्वासन देकर टाल देते है। इसके साथ ही आरती ने कहा कि क्षेत्र में काफी महिनों ने पीने का पानी भी नहीं आता है जिसके चलते पानी भी महंगे दामों पर खरीदकर पीना पड़ता है। स्थानीय निवासी बलबीर गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी और विधायक संजीव झा ने हम लोगों के साथ छलावा किया है। हम सभी क्षेत्र के लोग विधायक का बाहिष्कार करेंगे और भाजपा के विधायक को क्षेत्र में लाना चाहते है। उन्होंने कहा कि इस बार हम वोटिंग विकास के नाम पर करेंगे काम के नाम पर करेंगे और विधायक संजीव झा ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। स्थानीय निवासी योगेश ठाकुर ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक संजीव झा और आप पार्षद रूबी रावत ने क्षेत्र को कूड़े का ढेर बनाकर रख दिया है।

कमल विहार में चारो तरफ गंदगी का माहौल बना हुआ है, जिसके चलते बिमारियां भी पनपने लगी है। न तो हमारे क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही पक्की सड़कें है और सीवर लाईन का तो नाम ही नहीं है। जो निगम की नालियां है उसमें सालों तक निगम के कर्मचारी सफाई नहीं करते है, जिसके चलते नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लों होकर लोगों के घरों में घूसता है।
















# सूरज नगर में निकाली गई भव्य रूप में कलश यात्रा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली के सूरज नगर इलाके** के दुर्गा मंदिर से भव्य कलश यात्रा की शुरूआत की गई। आपको बातदें कि इस कलश यात्रा की शुरूआत सूरज नगर के दुर्गा मंदिर से हुई और कलश यात्रा कई इलाको से होते हुए वापस दुर्गा मंदिर पर संपन्न हुई। इस मौके पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा ने बताया कि सूरज नगर के दुर्गा मंदिर से भव्य रूप में श्री मद्भागवत कथा से पहले कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नीलम बुद्धिराजा ने बताया कि सभी को कथा का श्रवण ध्यान पूर्वक करना चाहिए और हमेशा ही सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। इस मौके पर कई महिलाएं मौजूद रही।

# 'एलजी ने कुछ इलाकों की नारकीय स्थिति का रियलिटी चेक कराया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की बदहाल हालत और परिस्थितियों के लिए कांग्रेस पार्टी पिछले 8-10 वर्षों से गंदगी और कूड़े के ढ़ेर, अव्यवस्थित बिजली और पानी की सप्लाई, गंदा पानी, उफनते सीवर, झुग्गी बस्तियों और अनाधिकृत कालोनियों में नरकीय जीवन जीते लोगों के प्रति चिंता ग्रस्त होकर मौजूदा आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और उसके मुखिया



अरविन्द केजरीवाल पर दिल्ली की अनदेखी और निष्क्रियता का आरोप लगाती रही है, उस पर दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार द्वारा ठीक विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के बदतर हालात पर कॉलोनियों का दौरा करना कहीं राजनीतिक पक्षपात का हिस्सा तो नहीं? क्योंकि दिल्ली के बदहाल हालात के लिए भाजपा भी बराबर की जिम्मेदारी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान सभी 70 विधानसभाओं में 650 किलोमीटर से अधिक दिल्ली की हर सड़क, गली, नुक्कड़ और मौहल्लों का सफर करने पर मैंने दिल्ली की जनता के दुखों को नजदीक से महसूस किया है। केजरीवाल ने लोगों की भावनाओं से खेलकर जो सत्ता हासिल की, उसका दिल्ली के लोगों को नुकसान ही उठाना पड़ा। मुफ्त पानी, सस्ती बिजली के नाम पर गंदा पानी और महंगी बिजली, कॉलोनियों में गंदगी, नालियां, सड़कें टूटी हुई है, लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।

7-8 घंटे बिजली कटौती के बावजूद भारी भरकम बिजली के बिलों से झुग्गी और अनाधिकृत कालोनियों वाले ही नही, पूरी दिल्ली परेशान है।

# निगम स्कूल में जुराब वितरण व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अशोक विहार के प्राइमरी स्कूल में संस्था 'ग्रीन हैंड्स' द्वारा एक विशेष जुराब वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश वर्मा अध्यक्ष, केशव पुरम जोन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर अनिल गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल समाज, लख्मीचंद मकरानी, विमल गुप्ता, संजय जैन, अशोक खारी, विपुल जैन और स्कूल की प्रिंसिपल सीमा मलिक भी मौजूद रही।





कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शरद ऋतु के अवसर पर जुराब वितरित किए गए। साथ ही एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। इस पहल के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण की महत्वता और वृक्षारोपण के फायदे के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि योगेश वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि मेरा हमेशा से प्रयास रहता है कि मैं अपने स्कूल के बच्चों का अधिक से अधिक ध्यान रखूं क्योंकि यही बच्चे भविष्य में देश के निमार्ता बनेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से हम संस्थाओं को एक साथ जोड़ते हैं और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूलों में स्मार्ट रूम की स्थापना की गई है।

# गढ़वाल भवन में मिलन कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्लीः** झंडेवालान स्थित गढ़वाल भवन में क्षत्रिय मल्ल/सैथवार महासभा दिल्ली प्रदेश द्वारा आयोजित पारिवारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां देशभर से महासभा से जुड़े हुए समाज के लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सिंह (पीसीएस), गंगा सिंह सेंथवार, पूर्व सांसद कमांडो कमल किशोर के साथ ही आरके मल (संरक्षक) रहे। कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व पुष्प गुच्छ



देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष उग्रसेन सिंह के कुशल नेतृत्व में हुआ। महासभा के अध्यक्ष ने बताया कि हमें गर्व है कि हमारे समाज के कई सदस्यों ने अपनी मेहनत और संघर्ष के बल पर अपने उद्यम स्थापित किए हैं और रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। आयोजन में उपस्थित लोगों में रामनिवास सिंह, आर के मल्ल, अरुण कुमार मल्ल, महेंद्र सिंह, सूरजभान सिंह, संगीता सिंह, शारदा सिंह, प्रेम प्रकाश मल्ल, राकेश सिंह, प्रमोद मौजूद रहे।



# उपमंडल मुख्यालय तीसा में विभिन्न विभागों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

**समीक्षा बैठक**

**विभिन्न विभागों से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा** : उपमंडल मुख्यालय तीसा में विभिन्न विभागों से संबंधित एक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं के अलावा प्रदेश सरकार की जनहित से जुड़ी लोकप्रिय योजनाओं की कार्य प्रगति बारे विशेष रूप से चर्चा व



समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं बारे उपमंडल के ग्रामीण व दूर-दराज क्षेत्रों में विशेष जागरूकता शिवरों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करें ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बेहतरीन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि विकास कार्यों को न्यूनतम समय अवधि में पूरा कर क्षेत्र वासियों को यथाशीघ्र लाभान्वित किया जा सके। इस अवसर पर विकास कार्यों को करते समय अधिकारियों को आ रही कठिनाइयों व रूकावटों बारे भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने अनुभव सांझा किये जिसके बारे में उपायुक्त ने उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन किया। बैठक में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, अपना विद्यालय योजना ,मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना और मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अपना विद्यालय योजना के तहत सभी विभागीय अधिकारी उनके द्वारा गोद लिए गए स्कूलों का साल में कम से कम दो बार निरीक्षण अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की समस्याओं, बुनियादी ढांचे, पानी, बिजली, शौचालय, स्वच्छता, इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति और अन्य सुविधाओं का आकलन भी किया जाए।

# ऊना के युकां अध्यक्ष प्रशांत ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** जिला युवा कांग्रेस के नव-नियुक्त अध्यक्ष प्रशांत राय ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने प्रशांत राय को पार्टी में नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि

**कामना**

**उपमुख्यमंत्री ने नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

कांग्रेस पार्टी के हाई कमान को प्रशांत राय से बड़ी उम्मीदें दी हैं और वह पूर्ण विश्वास करते हैं कि प्रशांत राय अपने कार्यों से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के युवा नेतृत्व को आगे लाने की प्रक्रिया में यह कदम बेहद अहम है, और हमें उम्मीद है कि प्रशांत अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे। प्रशांत राय ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी मेहनत और लगन से निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## न्यूज फ्लैश

### प्रदेश महिला हॉकी टीम के लिए ट्रायल 25 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** हॉकी हिमाचल द्वारा हिमाचल प्रदेश सीनियर हॉकी महिला खिलाडि?ों का ट्रायल 25 जनवरी को इंदिरा मैदान ऊना के एस्ट्रोटर्फ पर होगा। हॉकी हिमाचल एसोसिएशन के महासचिव रोमेश पठानिया ने बताया कि ट्रायल में महिला खिलाडियों को शारीरिक दक्षता में यो-यो टेस्ट को पास करना अनिवार्य होगा। जो भी महिला खिलाड़ी हॉकी हिमाचल के पोर्टल में पंजीकृत होंगी, वही इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। चयनित खिलाड़ी 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रीय चैंपियनशिप आगामी वर्ष 1 से 12 मार्च तक होनी निश्चित हुई है। उन्होंने बताया कि चयन समिति के सदस्यों में प्रोमिला शर्मा, सतिंदर तरेन, अनिल खंतवाल, प्रकाश धीमान, अजीत ठाकुर, कोच आशीष सेन व बलजीत नागरा द्वारा ट्रायल लिया जाएगा।

### अंब में 25 को रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** टाइडी एंड सोबर टुमारो फाउंडेशन द्वारा 25 दिसंबर को सुधा मैरिज पेलिस अंब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर के 2 तक रहेगा। संस्था के संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने बताया रक्तदान करने के लिए कोई भी स्वस्थ व्यक्ति आकर शिविर में हिस्सा ले सकते हैं।

### घुमारवीं में कहलूर प्रेस क्लब की बैठक का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** बीती शाम कहलूर प्रेस क्लब घुमारवीं द्वारा एक बैठक का आयोजन प्रधान कुंदन रतन की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें संघ के करीब 15 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वप्रथम क्लब के सदस्य पत्रकार अश्विनी राणा के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई। बैठक में क्लब के सभी सदस्यों को कहलूर प्रेस क्लब के पहचान पत्र व डायरी भेंट की गई। इस बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही जिस तरह से आए दिन पत्रकारों पर झूठे मामले दर्ज किया जा रहे हैं उसे पर भी खेद व्यक्त किया गया। क्लब ने इसे लोकतंत्र के चैथे स्तंभ पर सीधा हमला बताया और कहा पत्रकारों को अपने काम करने से रोकने की कोशिश की जा रही है और यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा। इसके साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि क्लब पत्रकार साथी अश्वनी राणा के पिता के आकस्मिक निधन पर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। इसके साथ ही क्लब द्वारा फंड इका होने के बाद गरीब बच्चों, जरुरत मंद परिवारों तथा गरीब कन्याओं की शादी में भी सहायता देने पर सहमति बनाई गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि भविष्य में क्लब सभी साथी मिलकर जरूरतमंद लोगों की सेवा में अपना हाथ बढ़ाएंगे। इस बैठक में क्लब के प्रधान कुंदन रतन, संरक्षक चमन जंजुहा, मुख्य सलाहकार रविंदर कुमार शर्मा, सलाहकार संजय शर्मा, कुलवंत सिंह चंदेल, महासचिव संजीव शामा, वरिष्ठ उप प्रधान पवन चंदेल, उपप्रधान नीरज महाजन, कोषाध्यक्ष सतीश ठाकुर, प्रेस सचिव बलवंत कमल, अजय शर्मा, सह सचिव जगदीश सेठी तथा प्रदीप कुमार, जनक राज शर्मा, संदीप रतवान मौजूद रहे।

# बिलासपुर में गुरिल्ला संगठन ने बनाई आगामी रणनीति



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुरः**

नगर के डियारा सेक्टर में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में रविवार को गुरिल्ला संगठन की बैठक हीरा पाल चैहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गुरिल्लाओ से जुड़े कोर्ट केस में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि गुरिल्लाओं की बैठक महीने के हर पहले सोमवार को अयोजित की जाएगी और शीघ्र ही अधिवक्ता से मुलाकात कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस बैठक में जगत पाल, राम लाल, करम सिंह, प्रेमा राम, जमना देवी, खेम राज, जगरनाथ, रोशन लाल, शेर सिंह और जगरनाथ के साथ कई संगठन सदस्यों ने भाग लिया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में नवाया शीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ (कर्नल ) धनी राम शांडिल ने रविवार को माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में पूजा अर्चना कर शीश नवाया और प्रदेशवासियों के सुखमय और खुशहाल जीवन की मंगल कामना की।

इस मौके पर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत स्वास्थ्य मंत्री ने सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी का दौरा किया तथा अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का



जायजा लिया और अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में मरीजों से वातार्लाप की और उनका कुशलक्षेम जाना। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की राज्य के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में राज्य सरकार 200 पद डॉक्टरों के और 600 पद नर्सिंग क्षेत्र में भरने जा रही हैं, ताकि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को दूर किया जा सके और लोगों को बेहतर चिकित्सीय इलाज मिल सके। चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने कहा कि राज्य सरकार चिंतपूर्णी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के साथ साथ अन्य विकासात्मक कार्यों को अंजाम दे रही, जिससे स्थानीय लोगों को अच्छी सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंब अस्पताल में 55 लाख की अल्ट्रासाउंड मशीन, 32 लाख से अंब अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर के लिए विभिन्न उपकरण तथा अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन के लिए 18 लाख की राशि खर्च की जाएगी, ताकि लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

# केरल फतेह के लिए हिमाचल की सीनियर नेशनल हैंडबॉल टीम रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** झंडूत्ता खंड के मलारी में दस दिनों तक चले प्रशिक्षण शिविर के बाद प्रदेश की सीनियर वर्ग टीम सीनियर नेशनल के लिए केरल रवाना हो गई। 26 से 29 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 18 खिलाडी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए हैंडबॉल कोच चंदन के साथ नवदीप ने बताया कि इस शिविर का आयोजन कैप्टन राजेश मेहता के



सानिध्य में हैंडबॉल अकेडमी मलारी में किया गया। उन्होंने बताया इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भर के चुनिंदा वरिष्ठ 28 खिलाडियों ने हैंडबाल खेल की बारिकियों पर गहनता से ज्ञान अर्जित करते हुए राष्ट्रीय प्रतिस्पर्दा के लिए कमर कस ली है। इनमें से 18 चयनित खिलाडी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्टता का बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। शिविर के अंतिम दिन खिलाडियों को राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धा में जाने से पूर्व पंचायत उपप्रधान विजय कौशल, जिला पार्षद देवा नंद शर्मा, डॉ विजय भी खिलाडि?ों से रूबरू हुए तथा टीम को शुभकामनाओं सहित हरी झंडी दी।

# एक व्यक्ति से एक किलो 455 ग्राम चरस बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** मंडी पुलिस ने नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला की औट पुलिस ने एक व्यक्ति को एक किलो 455 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुलिस थाना औट की टीम द्वारा नाकाबंदी मंडी-कुल्लू फोरलेन पर की हुई थी। इसी दौरान एक निजी बस को जांच के लिए रोका गया। बस की चेकिंग के दौरान बस में सवार एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर उससे 1 किलो 455 ग्राम चरस बरामद हुई।

# डुमखर में राज्यस्तरीय हैमर बॉल टीम का ट्रायल, टीम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** उपमंडल बंगाणा के डुमखर स्थित क्रिकेट स्टेडियम रविवार को हैमर बॉल हिमाचल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से राज्य टीम का चयन का ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में बंगाणा के समाज सेवी पंकज ने शिरकत की।

हैमर बॉल के कोच यशवीर ने बताया कि अंडर-17 नेशनल हैमर बॉल चैंपियनशिप आगरा में 26 से 29 दिसंबर को आगरा में होने जा रही है। इसके लिए



हिमाचल प्रदेश की टीम का ट्रायल हुआ, जिसमें प्रदेशभर से खिलाडि?ों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि ट्रायल के उपरांत टीम का चयन किया गया है। जिसमें आयुष शर्मा, तन्मय, संजित जसवाल, आर्यन राणा, सूर्यांश सिंह राणा, उत्कर्ष राणा, अभिनव भाटिया, सूर्यांश धीमान, मोहम्मद, आदर्श शर्मा, अभि, सात्विक शर्मा, पुनीत, अर्णव, संयम ठाकुर, रोहित शर्मा, उदय बाली, गुरवीर सिंह शामिल है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, कोच सुमित शर्मा, नरेश शर्मा, राम मुरारी, भूषण व जतिंदर उपस्थित रहे।

# शिमला की रहने वाली पूनम चोपड़ा बनी हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस की उपाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र संजौली भट्ट कुफर में रहने वाली युवा नेत्री पूनम चोपड़ा प्रदेश युवा कांग्रेस की उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है। और वह युवा नेता छतर सिंह के साथ हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्र राजनीति से संघर्ष करके निकली पूनम चोपड़ा अब प्रदेश में युवा कांग्रेस को मजबूती देगी। उनके प्रदेश युवा कांग्रेस से उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर उनके क्षेत्र व घर में खुशी की लहर है और उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। राजधानी शिमला से एक युवा लडकी का युवा कांग्रेस में प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व होने से पूरे शिमला शहर में खुशी की लहर है। जो लोग भी उन्हें जानते हैं जब उनसे बातचीत की गई तो उनके द्वारा मालूम हुआ कि पूनम चोपड़ा में संगठन के प्रति संघर्ष करने का कितना जोश था, जब कभी भी संगठन द्वारा कोई भी प्रोटेस्ट होते थे तो संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी प्रोटेस्टो में वह सदा शामिल होती थी, मगर युवा नेत्री पूनम चोपड़ा ने कभी भी किसी के दबाव में



आकर संगठन में संघर्ष करना नहीं छोड़ा और उनके सहयोगियों और घर वालों का भी पूरा सहयोग मिला यही कारण है जो आज वह संगठन में अच्छे पद पर है। इस समय राजनीति से जुड़ी पूनम चोपड़ा के लिए यह खुशी का पल है और उन्होंने इसका श्रेय कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं,और खास तौर से शिमला शहरी विधायक श्री हरीश जनारथा जी व पंचायती राज विभाग मंत्री श्री अनिरुद्ध सिंह राणा जी को ओर संगठन और अपने सहयोगी समर्थको को दिया है। प्रदेश व कांग्रेस की उपाध्यक्ष बनने पर युवा नेत्री पूनम चोपड़ा ने कहा है कि पार्टी को वह जमीन स्तर पर मजबूत करने के लिए दिल से कार्य करेंगी और खासतौर से महिलाओं को संगठन में मौका देंगी

# 29 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी तक रहेगा थोक बाजार बंद : हरमीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** मण्डी के थोक अनाज किरयाना विक्रेता संघ मण्डी की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में लगभग 26 थोक विक्रेता व्यापारी बंधुओं ने भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष हरमीत सिंह बिट्टू द्वारा पिछले वर्ष में हुई गतिविधियों पर और वार्षिक बजट पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आगामी वर्ष में रहने वाली कार्य योजनाओं पर उपस्थित सदस्यों की राय पूछी गई जिसे लेकर कुछ सदस्यों द्वारा व्यापार में आ रही मुश्किलों के बारे में अपने विचार रखे । ज्यादातर सदस्यों ने माना कि अनाज किरयाने का व्यापार करना



दिन प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है । सरकार द्वारा बनाई जा रही नीतियां असल में धरातल पर व्यापार करने में उतनी व्यावहारिक सिद्ध नहीं हो रही और इनके बीच सदैव विरोधाभास की स्थित उत्पन्न होती रहती है। विशेष रूप से एफएसएसएआई और खाद्य आपूर्ति विभाग को लेकर,सभी सदस्यों द्वारा अध्यक्ष से अनुरोध किया गया कि इस बारे संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा करके इसका कोई उचित हल तलाशा जाए । हर वर्ष होने वाली वार्षिक छुट्टियों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा सर्वसम्मति से इस वर्ष की छुट्टियों की तिथियां 29 दिसंबर से लेकर 01जनवरी तक निश्चित की गई । अध्यक्ष हरमीत सिंह बिट्टू ने बताया कि इन चार दिनों में मण्डी और गुटकर के सभी होलसेल अनाज व्यापारी अपनी दुकानें पूर्णतय बंद रखेंगे। उन्होंने मंडी वासियों ने अनुरोध किया कि वो अपनी सुविधा अनुसार अपनी खरीददारी इन तिथियों से पूर्व करनी सुनिश्चित कर लें।

# शिमला के दिनेश सोहटा बने डीपीई संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** रविवार को हिप्र स्कूल स्नातकोत्तर शारीरिक शिक्षक संघ की एक आम सभा का आयोजन बिलासपुर में संघ के प्रधान राजकुमार राणा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें संगठन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के उपरांत राजकुमार राणा ने अपनी निजी व्यस्ता के चलते हुए संघ के समक्ष अपना इस्तीफा सौंपा। संघ ने एडीपीईओ हैड क्वार्टर संतोष चैहान व वरिष्ठ प्रवक्ता मुकेश मंहास को चुनाव अधिकारी के रूप में चुनाव



पर्यवेक्षक नियुक्त किया। उसके उपरांत विभिन्न जिलों से आए हुए प्रधान सचिव ओर अन्य पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से शिमला के दिनेश सोहटा को संघ का प्रधान, राजीव कुमार ऊना से महासचिव और अरुण कटोच कांगड़ा को संघ का कोषाध्यक्ष चुना गया।

शेष कार्यकारिणी के लिए प्रधान ओर सचिव को चुनने का अधिकार दिया गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 23 दिसंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




# दुनिया के नक्शे पर चमका भारतीय हैंडलूम

## अटल सम्मान के साथ ऋषभ जैन ने रचा इतिहास, हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट को दिया नया आयाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुरः** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित 'अटल सम्मान समारोह 2024' में मीरजापुर के विक्रम कार्पेट्स के सीईओ और हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन (एचईडब्ल्यूए) के उपाध्यक्ष ऋषभ जैन ने अपने अद्वितीय योगदान के लिए चचाएं बटोरीं। इस समारोह में उन्होंने भारत के हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में नई दिशा और संभावनाओं को उजागर किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में समाजसेवा, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सांस्कृतिक विकास में योगदान देने वाले देश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।मीरजापुर के विक्रम कार्पेट्स के सीईओ और हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन (एचईडब्ल्यूए) के उपाध्यक्ष ऋषभ जैन को इस समारोह में उनके




सामाजिक और व्यावसायिक योगदान के लिए "अटल सम्मान 2024" से अलंकृत किया गया। ऋषभ जैन ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हमारी एसोसिएशन के हर सदस्य की मेहनत का परिणाम है। हम सब 'विकसित भारत 2047' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऋषभ जैन ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि हमारी एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य सिर्फ व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए काम करना है। हम भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। ताकि वे अपने घर की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें। महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर ऋषभ जैन ने अपनी एसोसिएशन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को लेकर गर्व महसूस करते हुए बताया कि उनकी एसोसिएशन में 33 प्रतिशत महिला उद्यमी जुड़ी हैं, जो भारतीय हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में अपनी कड़ी मेहनत और नवाचार से नया आयाम जोड़ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आर्थिक विकास की कुंजी भी है। "घर-घर एक्सपोर्ट" का लक्ष्य ऋषभ जैन का मानना है कि "घर-घर एक्सपोर्ट" उनके एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य है। वे न केवल घरेलू बाजार (इ2उ) और व्यावसायिक बाजार (इ2इ) को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि गांव-गांव में बनी कारीगरी को वैश्विक पहचान दिलाने का भी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर 140 करोड़ भारतीय अपने देश का सामान खरीदें तो भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में कोई रुकावट नहीं आएगी। समाज को एकजुट करने की पहल ऋषभ जैन का मानना है कि हम सब मिलकर ही भारत को "विकसित भारत 2047" के सपने को साकार कर सकते हैं।

### शीतकालीन चारधाम यात्रा पूर्ण कर काशी आएंगे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** उत्तराखंड में चारधाम शीतकालीन यात्रा पूर्ण कर सोमवार को ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती काशी आएंगे। काशी में दो दिवसीय प्रवास के दौरान शंकराचार्य विविध धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रमों में भाग लेंगे। काशी में शंकराचार्य का स्वागत भक्त एवं संत पुष्पवर्षा व जयघोष से करेंगे। श्रीविद्या मठ के मीडिया प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि शीतकाल में बद्रीनाथ, केदारनाथ धाम का कपाट बंद होने के बाद भी भगवान बद्रीविशाल, भगवान केदारनाथ का पूजन बंद नहीं होता।

# योगी सरकार ने टीबी के खात्मे को चलाया अभियान, 27 लाख से अधिक की हुई स्क्रीनिंग

**अभियान**

▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर टीबी रोगियों की पहचान के लिए प्रदेश भर में चलाया जा रहा विशेष अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः योगी** सरकार ने वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी से मुक्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में टीबी के खात्मे के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा। अभियान के जरिये टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और पुनर्वास की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनता की भागीदारी और समग्र दृष्टिकोण अपनाना है, यह स्वस्थ और समृद्ध उत्तर प्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश के 15 जिले में विशेष रूप से चलाया जा रहा अभियान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 15 जिले में खासतौर पर टीबी रोगियों की पहचान, इलाज और जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें अयोध्या, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया, इटावा, अमेठी, बस्ती, फरुर्खाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर शामिल हैं, जहां टीबी के मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक है। अभियान के उद्देश्य के मुताबिक टीबी के उन रोगियों को खोजने पर जोर दिया जा रहा है, जिनकी अब तक पहचान नहीं हुई है। साथ ही समय पर उपचार और बेहतर देखभाल के जरिए टीबी से होने वाली मौतों को कम करना है। इसके अलावा व्यापक जागरूकता फैलाने के साथ एहतियातन कदम उठाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। अभियान के तहत 7 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच 27,00,377 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जबकि 35,451 व्यक्तियों का माइक्रोस्कोपी और 26,642 व्यक्तियों का एनएएटी परीक्षण किया गया। इस दौरान 2,20,520 टीबी रोगियों को चिह्नित किया गया।




रामायण में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुरधाम पहुंचे थे। जहां उन्होंने रात्रि निवास कर अपने बाल सखा निषादराज की मदद से गंगा नदी पार की थी।

# पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार 'क्वीन ऑफ हिल्स'

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** नए साल का जश्न मनाने के लिए पहाड़ों की रानी मसूरी पर्यटकों का स्वागत करने को पूरी तरह तैयार है। होटल, कैफे और पर्यटन स्थल रोशनी और सजावट से जगमगा रहे हैं। जिला प्रशासन, स्थानीय व्यापारी और होटल व्यवसायी पर्यटकों को एक यादगार अनुभव देने के लिए विशेष इंतजाम कर रहे हैं। मसूरी इस बार भी अपने मेहमानों के लिए खास यादें लेकर तैयार है। नए साल के इस खास मौके पर यहां का हर कोना उत्साह और उमंग से भरा नजर आएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि मसूरी में नए साल के जश्न को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों से अनुरोध है कि यातायात और स्वच्छता के नियमों का पालन करें। पर्यटकों का बढ़ता उत्साह मसूरी में हर साल नए साल के मौके पर हजारों पर्यटक आते हैं।

# महिला सम्मान राशि-संजीवनी योजना का आज से शुरू होगा रजिस्ट्रेशनः केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः आम** आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कि सोमवार से मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि लेने और बुजुर्ग संजीवनी योजना के तहत निजी या सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज कराने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि के लिए 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। रविवार को रविवार को इन दोनों योजनाओं का उद्घाटन अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने संयुक्त रूप से किया है। सोमवार को अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में जाकर लोगों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरेंगे। इस मौके पर रविवार को पार्टी मुख्यालय पर एक पत्रकार वार्ता में आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रजिस्ट्रेशन के लिए किसी को कहीं जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि "आआपा" के कार्यकर्ता घर-घर जाकर दोनों योजनाओं के लिए लोगों का रजिस्ट्रेशन कराएंगे।

## सोशल मीडिया पर छाया यूपी सीएम ऑफिस का 'एक्स' हैंडल

**लखनऊः** यूपी की 25 करोड़ जनता के साथ ही देश में भी योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता दिनोदिन काफी तेजी से बढ़ रही है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण में योगी आदित्यनाथ काफी आगे रहते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनकी जबर्दस्त सक्रियता रहती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर भी फॉलोअर्स की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

# समर्थकों के साथ शालिनी सैनी ने मेयर पद के लिए ठोकी दावेदारी

**आवेदन पत्र**

▸▸ जनप्रतिनिधियों से बात करने और उन्हें विश्वास में लेने के बाद ही कॉरिडोर योजना पर आगे बढ़ना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** नगर निगम के मेयर पद के लिए प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी की धर्मपत्नी शालिनी सैनी ने ढोल नगाड़ों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग को अपना आवेदन पत्र सौंपा। इस अवसर पर शालिनी सैनी ने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी उन पर अपना विश्वास जताती है तो वह इस बार भी हरिद्वार नगर निगम की सीट हरिद्वार की जनता के सहयोग से कांग्रेस पार्टी की झोली में डालने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि वह धर्मनगरी, हरिद्वार पौराणिक और धार्मिक पहचान को बनाते हुए जनता की भावनाओं के अनुरूप हरिद्वार के विकास के लिए काम करेंगी।

उन्होंने साफ कहा कि धामी सरकार को हरिद्वार की जनता, व्यापारी, होटल, रेडी पटरी और जनप्रतिनिधियों से बात करने और उन्हें विश्वास में लेने के बाद ही कॉरिडोर योजना पर आगे बढ़ना चाहिए।

# महाकुम्भ में कॉल करते ही 30 मिनट में पहुंचेगी ऑटोमैटिक ब्लोअर मिस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर :** महाकुम्भ में इस बार स्वच्छता के लिहाज से विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने संत महात्माओं के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की है। यहां मच्छर और मक्खियों से पूरी तरह से निजात रहेगी। सीएम के निर्देश पर कुछ इस तरह के इंतजाम किए गए हैं कि महाकुम्भ के किसी भी कोने से बस एक कॉल करते ही 30 मिनट के भीतर ऑटोमैटिक ब्लोअर मिस्ट मौके पर पहुंचकर मच्छर और मक्खी का खत्म कर देगी। अखाड़ों और टेंट सिटी को इंसेक्ट फ्री बनाने के साथ ही स्वच्छ वातावरण के लिए




बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं, जिसके तहत 110 अत्याधुनिक ब्लोअर मिस्ट और 107 मिनी फॉगिंग मशीन तैनात की जा रही हैं।

**78 स्पेशल ऑफिसर तैनात**

सीएम योगी के निर्देश पर महाकुम्भनगर में सफाई व्यवस्था का विशेष इंतजाम किया जा रहा है। महाकुम्भ के नोडल जॉइंट डायरेक्टर (वेक्टर कंट्रोल) डॉ वीपी सिंह ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान चप्पे-चप्पे पर कीटनाशक का छिड़काव किए जाने की तैयारी है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसके लिए 62 पल्स फॉगिंग मशीनें भी मंगवाई गई हैं। इस बार महाकुम्भ में संतों और श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए 78 स्पेशल ऑफिसर तैनात किए जा रहे हैं।

